BORDERNEWSMIRROR
BNM
to the point...
Wednesday
11-05-2022
www.bordernewsmirror.com
www.bordernewsmirror.com
Only bilingual Newspaper
₹5

## बिकिनी पहनकर केक काटने पर ट्रोल हुईं आइरा खान

आइरा ने अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया। लेकिन बर्थडे फोटोज के सामने आते ही आइरा सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल हो रही हैं।

10

## 'गुमराह' में दिखेंगी मृणाल ठाकुर

मृणाल साल 2019 में रिलीज हुई साउथ की एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'थडम' की हिन्दी रीमेक में नजर आयेंगी और इस फिल्म का नाम होगा 'गुमराह'।

10



## तेजस्वी प्रकाश ने रेड कलर की ड्रेस में दिए पोज

तेजस्वी प्रकाश ने अपनी तस्वीरें साझा की है, जिसमें वो रेड कलर की ड्रेस में बेहद आकर्षित दिख रही हैं।

10

## मुंबई पर मिली जीत से संतुष्ट नहीं हूं: श्रेयस

कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि वह जीत से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं और आगामी मैचों में इस फॉर्म को बनाए रखना चाहेंगे।

9



# BRIEFLY

## मोहाली धमाके पर सीएम ने डीजीपी से मांगी रिपोर्ट

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर में ग्रेनेड हमले के बाद मुख्यमंत्री भगवन्त मान ने डीजीपी से रिपोर्ट तलब कर ली है। सोमवार रात हुई इस घटना के बाद मंगलवार सुबह पंजाब के डीजीपी वीके भावरा मुख्यमंत्री भगवन्त मान के पास पहुँचे और उन्हें पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी दी। सोमवार रात पंजाब के मोहाली स्थित इंटेलीजेंस हेडक्वार्टर में रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) हमला हुआ था। हालांकि इस हमले में किसी की जान नहीं गई। जिस इमारत पर हमला हुआ वहां हर मंजिल पर सीसीटीवी लगे हुए हैं। यह इमारत हाई सिक्योरिटी जोन में आती है। हमले के बाद रातभर सीसीटीवी खंगाले गए। पिछले एक सप्ताह के दौरान यहां आए लोगों का ब्यौरा जुटाया जा रहा है। सीसीटीवी से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार रात एक स्विफ्ट गाड़ी मुख्यालय के बाहर आई थी, उसमें से एक नौजवान उतरता दिखाई दिया है। जिसके बाद यह हमला हुआ है। पुलिस अब इस गाड़ी की तलाश कर रही है। मंगलवार सुबह डीजीपी ने मुख्यमंत्री भगवन्त मान के साथ मुलाकात करके मोहाली घटना पर प्रारंभिक रिपोर्ट दे दी है। माना जा रहा है मुख्यमंत्री भगवन्त मान आज मोहाली में घटनास्थल का दौरा कर सकते हैं। इस बीच फोरेंसिक विशेषज्ञ टीम ने भी मौके से कई सैंपल एकत्र कर लिए। मुख्यालय पर दागे गए ग्रेनेड के बारे में भी जानकारी हासिल करने के लिए सेना की कमान से संपर्क किया जा रहा है।

# Trending News

## पहले भारत मांगता था, अब दुनिया को देने जाते हैं प्रधानमंत्री मोदी : जेपी नड्डा

बीएनएम@सूरतगढ़ (श्रीगंगानगर)

सूरतगढ़ (श्रीगंगानगर)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की सत्ता संभालने के बाद राजनीति की संस्कृति ही बदल दी है। विरोधियों को भी अब विकास की बात पर ही चुनाव में सामने आना पड़ता है। पहले कांग्रेस जातिवाद, भेदभाव, परिवारवाद कर चुनाव जीतती थी लेकिन अब भाजपा की विकासवादी राजनीति ने कांग्रेस की नींव हिला दी है। हमारी पार्टी जवाबदेह है, जो चीजों को सही ढंग से उठाती है। नड्डा मंगलवार को सूरतगढ़ जिले में बीकानेर संभाग के बूथ अध्यक्ष संकल्प महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक समय में भारत का प्रधानमंत्री जब देश से बाहर जाता था, तब हमेशा भारत मांगने वाला देश कहलाता था। जब से केंद्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनी है प्रधानमंत्री मोदी देश से बाहर जाते हैं तो दुनिया को देने जाते हैं, लेने नहीं। हमारे कांग्रेसी भाई कहते हैं कि देश में बदला क्या है लेकिन हम कहते हैं आप बेरोजगार हो गए। भारत ने साढ़े 18 करोड़ वैक्सीन 100 देशों तक पहुंचाई है। 48 देशों को डेढ़ करोड़ मुफ्त में वैक्सीन दी है। उन्होंने कटाक्ष किया कि कांग्रेसी कहते हैं 'मोदी वैक्सीन बीजेपी की वैक्सीन है' जबकि स्वयं कांग्रेसियों ने चुपचाप लगवा ली और लेकिन जनता को गुमराह करते रहे।



# जातीय जनगणना पर तेजस्वी ने मुख्यमंत्री को 72 घंटे का दिया अल्टीमेटम

बीएनएम@पटना

पटना। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मंगलवार को यहां जातीय जनगणना के मसले पर नीतीश सरकार को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। तेजस्वी यादव ने राजद कार्यालय में प्रेसवार्ता में कहा कि बिहार में जातीय जनगणना को लेकर जल्द ही फैसला होना चाहिए। नीतीश कुमार जातीय जनगणना पर 72 घंटे में स्टैंड साफ करें। अब इसमें देरी बरदाश्त नहीं की जा सकती है। नीतीश सरकार को तत्काल कैबिनेट की बैठक बुलाकर बिहार में जातीय जनगणना कराने पर फैसला लेना होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो हम सड़क पर उतरने को तैयार हैं। तेजस्वी ने कहा कि विधानसभा से इस पर प्रस्ताव पारित हो चुका है। तेजस्वी ने कहा कि इस मामले के लगातार टाला जा रहा है,जबकि कुछ राज्यों में जातीय जनगणना कराई जा रही है। मुख्यमंत्री सभी लोगों से बात करें और अपनी स्थिति को स्पष्ट करें। यदि जातीय जनगणना करना चाहते है तो कब तक करेंगे यह भी बताएं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हम इनके बहकावे में नहीं आएंगे। सीएम नीतीश एनडीए का चेहरा हैं। बिहार के लोग इन्हें कैसे झेल रहे हैं समझ में नहीं आता। बिहार सरकार नागपुर से चल रही है। हमलोग किसी भी हालत में जातीय जनगणना कराके रहेंगे। एक प्रश्न के उत्तर में तेजस्वी ने कहा कि महंगाई, पलायन, गरीब, बेरोजगारी, जातीय जनगणना, बिहार को स्पेशल पैकेज जैसे कोई भी मुद्दे पर चर्चा नहीं हो रही है। हम विपक्ष में हैं ऐसे में जनता के मुद्दे को उठाने की जिम्मेदारी हमारे ऊपर है। हम यह मुद्दा उठाते रहेंगे।

# केजरीवाल ने कहा, पंजाब में अशांति फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई



बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मोहाली ब्लास्ट में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। केजरीवाल ने मंगलवार को पंजाब पुलिस की मोहाली स्थित खुफिया विभाग की इमारत पर हुए ब्लास्ट मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोहाली ब्लास्ट उन लोगों की कायराना हरकत है जो पंजाब की शांति भंग करना चाहते हैं। आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार उन लोगों के मंसूबे पूरे नहीं होने देगी। पंजाब के सब लोगों के साथ मिल कर हर हालत में शांति कायम रखी जाएगी और दोषियों को कड़ी से कड़ी सज़ा दिलवाई जाएगी। ब्लास्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि मोहाली में हुए ब्लास्ट की जांच पंजाब पुलिस कर रही है। जिसने भी हमारे पंजाब का माहौल खराब करने की कोशिश की उसे बख्शा नहीं जाएगा। उल्लेखनीय है कि पंजाब के मोहाली स्थित खुफिया विभाग के भवन पर सोमवार रात ब्लास्ट का मामला सामने आया है। हालांकि पंजाब पुलिस इसे आतंकी घटना मानने से इनकार कर रही है।

## 'असनी' का असर: बंगाल के तटीय क्षेत्रों में तेज हवा के साथ भारी बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त

बीएनएम@कोलकाता

कोलकाता। बंगाल की खाड़ी में बने भीषण चक्रवाती तूफान असनी के प्रभाव से पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्रों यानी उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, हावड़ा, हुगली तथा राजधानी कोलकाता में लगातार बारिश हो रही है। रविवार से ही शुरु हुई बारिश सोमवार को भी पूरे दिन होती रही। मंगलवार सुबह से ही इन इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। प्रभावित इलाकों में 25 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने बताया है कि पिछले 24 घंटे के दौरान अकेले राजधानी कोलकाता में 57.8 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। इसकी वजह से महानगर के बड़ाबाजार, सेंट्रल एवेन्यू, खिदिरपुर, दमदम, कांकुड़गाछी, फूलबागान, जादवपुर, ठनठनिया काली समेत अधिकतर इलाकों में घुटना भर पानी जमा हुआ है। कांकुड़गाछी और दमदम अंडरपास में तो पानी भर जाने की वजह से मिनी बसों और ऑटो को पार होने में दिक्कत हो रही है। सोमवार से ही पूरे शहर में यातायात व्यवस्था चरमराई हुई है और मंगलवार को भी बारिश का सिलसिला जारी रहने से हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। वैसे तो चक्रवात से निपटने के लिए कोलकाता नगर निगम समेत कोलकाता पुलिस ने भी कंट्रोल रुम की शुरुआत की है।




# बीपीएससी पेपर लीक मामले में बड़हरा बीडीओ समेत चार गिरफ्तार




बीएनएम@पटना

**-बीपीएससी के अफसरों और भोजपुर के-1 सेंटर पर टिकी पेपर लीक की जांच**

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) 67वीं पीटी परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम ने आरा के बड़हरा के बीडीओ समेत चार लोगों को लंबी पूछताछ के बाद मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। ईओयू ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है उनमें बड़हर बीडीओ जयवर्द्धन गुप्ता, कुंवर सिंह कॉलेज के प्राचार्य सह केन्द्राधीक्षक, सुशील कुमार सिंह, कंट्रोलर और अगम कुमार सहायक केन्द्राधीक्षक शामिल हैं। इस मामले में ईओयू की टीम ने सोमवार को ही कुंवर सिंह कॉलेज केंद्र से जुड़े इन चार अधिकारियों को पूछताछ के लिए पटना लाई थी। वीर कुंवर सिंह कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र पर मजिस्ट्रेट के तौर पर वह तैनात थे। कालेज के प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक डॉ. योगेंद्र प्रसाद सिंह, परीक्षा नियंत्रक सुनील कुमार, सेंटर मजिस्ट्रेट सह बड़हरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी जयवर्द्धन गुप्ता और अगम कुमार से मंगलवार को भी पूछताछ की गई। सभी के बयान में विरोधाभास और साक्ष्य के आधार पर इनको गिरफ्तार कर लिया गया। इन चारों से कुंवर सिंह कॉलेज केंद्र पर परीक्षा के दौरान हंगामा, अनियमितता, मोबाइल के साथ एंट्री दिए जाने और कुछ छात्रों को अलग कमरे में परीक्षा दिए जाने को लेकर सवाल जवाब किए गए। बीपीएससी पीटी प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच फिलहाल बीपीएससी के कुछ अफसरों और आरा के वीर कुंवर सिंह कॉलेज सेंटर पर टिक गई है। इस सेंटर पर अभ्यर्थियों ने रविवार को परीक्षा के दौरान हंगामा किया था। उनका आरोप था कि एक रुम में समय से पहले ही पेपर बांट दिए गए थे। ईओयू का कहना है कि फिलहाल यह नहीं कहा जा सकता कि प्रश्न पत्र कहां से लीक किए गए थे। हालांकि, ईओयू को ऐसे संकेत मिले हैं कि प्रश्न पत्र सेंटर से ही वायरल हुआ था। दिलीप ने रविवार को परीक्षा शुरु होने के पहले दिन के करीब 11.49 बजे मुख्यमंत्री सचिवालय को पेपर लीक की सूचना दी थी। दिलीप का बयान लेने के बाद उसे छोड़ दिया गया। हालांकि, उसे अभी शहर छोड़ने की अनुमति नहीं दी गई है।

## NEWS IN BRIEF

### तेजस्वी यादव की पद यात्रा की घोषणा से सत्तापक्ष में बेचैनी शुरु: अरुण यादव

भागलपुर। युवा राजद के प्रदेश प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण कुमार यादव ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के द्वारा जातीय जनगणना की मांग को लेकर पटना से दिल्ली तक पद यात्रा की घोषणा से भाजपा-जदयू के नेताओं में बौखलाहट और बेचैनी होने लगी है। बौखलाहट और बेचैनी में ही सत्तापक्ष के लोग तेजस्वी यादव के विरुद्ध अनर्गल बयानबाजी कर रहे है। यादव ने कहा कि जातीय जनगणना को लेकर तेजस्वी यादव का पटना से दिल्ली तक की पद यात्रा जनहित में उद्देश्यपूर्ण, महत्वपूर्ण और जन विश्वसनीय है। इस मुद्दों पर बिहार की जनता तेजस्वी यादव जी के समर्थन में है। इसलिए जातीय जनगणना के मुद्दों पर नीतीश कुमार जी की बहाना बाजी अब चले वाला नहीं है। यादव ने कहा कि नीतीश कुमार ने 16 साल के शासनकाल में बिहार को बर्बाद कर दिया। बिहार प्रदेश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, अपराध और महंगाई चरम पर है। बिहार की जनता मूलभूत समस्याओं से त्राहिमाम है। फिर भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौन है।

### गया में 23 ट्रैक्टर, सात ट्रक एवं दो पोकलेन जब्त

गया। गया के शेरघाटी अनुमंडल अंतर्गत स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बीटी बीघा मोरहर नदी से अवैध तरीके से बालू का खनन किए जाने की शिकायत पर मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी अनिल कुमार रमन एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रवेंद्र कुमार भारती के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में 23 ट्रैक्टर, सात ट्रक एवं दो पोकलेन मशीन जब्त किया गया।

## बर्तन की दुकान में बैठे युवक की गोली मारकर हत्या

बीएनएम@बिहारशरीफ

बिहारशरीफ। नालंदा जिले के पावापुरी ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत बकरा गांव में मंगलवार की सुबह बर्तन की दुकान में बैठे युवक को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या से इलाके में सनसनी का माहौल कायम है। मृतक बकरा गांव निवासी अंशु कुमार है। अंश कुमार बर्तन की दुकान पर बैठा हुआ था। तभी बाइक से तीन अपराधकर्मी आए और युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना थानाअध्यक्ष रविंद्र कुमार को दी गई।जो घटनास्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लेते हुए वरीय पदाधिकारी राजगीर डीएसपी प्रदीप कुमार तत्काल घटनास्थल पर जाकर घटनाक्रम का मुआयना करते हुए बताया कि बाइक पर सवार तीन अपराधकर्मी युवक को गोली मार दी है। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## जीवन भर नहीं भूलूंगा नवादा वासियों का प्यार: यशपाल मीणा

बीएनएम@नवादा

नवादा। नवादा के निवर्तमान डीएम यशपाल मीणा ने कहा है कि जीवन भर नवादा वासियों का प्यार नहीं भूलूंगा। पहली बार डीएम बन कर आया था। नवादा के नागरिकों ने कार्य पद्धति के दौरान काफी ज्ञान व अनुभव दिया। जिस कारण नवादा वासियों का मैं सदा ही आभारी रहूंगा। वे मंगलवार को नवादा नगर भवन में आयोजित अपने सम्मान सह विदाई समारोह में बोल रहे थे। मीणा ने कहा कि जीवन का हर पल चुनौतियों भरा है लेकिन सही इंसान वही है जो चुनौतियों से मुकाबला कर अपने मुकाम तय कर कामयाबी हासिल करता है। उन्होंने कहा कि बिहार के मानचित्र पर नवादा जिला का प्रशासनिक व्यवस्था काफी दुरुह माना जाता है। लेकिन बहुत संजीदगी से यहां की व्यवस्था चलानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था के संधारण में अधिकारियों के साथ ही नवादा के नागरिकों ने जो सहयोग किया है ।निश्चित तौर पर मेरी जिंदगी के अनुभव के लिए अविस्मरणीय रहेगा । उन्होंने कहा कि मैं तो अब जा रहा हूं। जब भी मेरी कोई सेवा हो तो मुझे याद करेंगे। नवादा के डीएम यशपाल मीणा सादा जीवन उच्च विचार के मानदंडों पर चलने वाले अधिकारियों में से एक माने जाते हैं। जिन्होंने सदा साधारण जीवन के साथ जनता की सेवा, योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए कार्य किया। उनके कड़े जुबान के कारण अधिकारियों के बड़े वर्ग में नाराजगी रही।

## बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

बीएनएम@भागलपुर

भागलपुर। बढ़ती महंगाई के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा जिले के पीरपैंती प्रखंड कार्यालय में एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना का नेतृत्व कांग्रेस विधायक दल के नेता अजीत शर्मा ने किया। धरना को संबोधित करते हुए नेताओं ने देश में बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। धरना के दौरान नेताओं ने देश में पेट्रोल, डीजल, गैस और खाद्य पदार्थों के बढ़ते कीमत को लेकर जहां हल्ला बोला। वहीं प्रखंड स्तर पर किसी भी कार्य को कराने के लिए आम लोगों को परेशान कर आम लोगों से घूस लेकर काम करने का मामला भी धरना के दौरान उठाया गया। नेताओं ने कहा कि देश में महंगाई के साथ-साथ भ्रष्टाचार भी चरम पर है। केंद्र सरकार इसको लेकर कोई कदम नहीं उठा रही है। नेताओं ने आम लोगों से अपील किया है कि आने वाले चुनाव में महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ वोट कर सरकार को सबक सिखाने का काम करें। धरना के दौरान काफी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ साथ आम लोगों ने हिस्सा लिया।



# पूर्णिया हवाई अड्डा निर्माण का रास्ता साफ




बीएनएम@पटना

पटना। पूर्णिया हवाई अड्डा निर्माण के लिए भू-अर्जन संबंधी बाधा दूर हो गई है, जिससे हवाई अड्डा के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह जानकारी उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि पूर्णिया सैन्य हवाई अड्डा से संयुक्त परिचालन के लिए सिविल इनक्लेव एवं संपर्क पथ निर्माण के लिए चिन्हित अर्जित भूमि लगभग 52 एकड़ में से लगभग 34 एकड़ भूमि को अधिग्रहित किया गया है। इसे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को नि:शुल्क हस्तांतरित करने का निर्णय हो गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अंतर्गत सिविल विमानन निदेशालय ने इस 34 एकड़ भूमि का दखल प्राप्त करने के लिए विभागीय पदाधिकारी को नामित भी कर दिया है। सरकार के इस निर्णय के उपरांत पूर्णिया हवाई अड्डा निर्माण की भू-अर्जन संबंधी बाधा के दूर हो जाने से अब निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। हवाई अड्डा बन जाने से पूर्णिया प्रमंडल सहित संपूर्ण सीमांचल क्षेत्र के लोगों को दूर-दराज के क्षेत्रों की यात्रा करने में सुविधा होगी और निवेशकों का आकर्षण बढ़ेगा।

**जमीन अधिग्रहण की बाधा दूर होने के बाद पूर्णिया हवाई अड्डा पर अलग से सिविल इन्कलेव, कार्गो सहित अन्य सुविधाओं का निर्माण किया जाना है। पूर्णिया के चुनापुर में बनाने वाले हवाई अड्डा के निर्माण होने से कोसी क्षेत्र के सहरसा, सुपौल, मधेपुरा के अलावा पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज सहित अन्य शहर के लोगों को बागडोगरा और पटना के हवाई अड्डा तक नहीं जाना पड़ेगा।**

**- तारकिशोर प्रसाद (उपमुख्यमंत्री, बिहार)**

उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद 12 मई को दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलकर इस महत्वपूर्ण कदम के लिए उनके प्रति आभार प्रकट करेंगे तथा पूर्णिया हवाई अड्डे का निर्माण कार्य यथाशीघ्र शुरु करने का आग्रह करेंगे।

# माता जानकी धैर्य और समर्पण की प्रतीक: उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद



बीएनएम@पटना/मधुबनी

पटना/मधुबनी। मधुबनी जिला अंतर्गत मां जानकी मिथिला पुनर्जागरण समिति के तत्वावधान में मंगलवार को आयोजित जानकी महोत्सव को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने आज कहा कि माता जानकी धैर्य और समर्पण की प्रतीक हैं। मिथिलांचल के लोगों में माता जानकी के प्रति अगाध श्रद्धा है। उनके स्मरण मात्र से समस्त प्रकार के दुःखों, रोगों व संतापों से मुक्ति मिलती है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राजा दशरथ के पुत्र प्रभु श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम बनाने में अपना सर्वस्व न्योछावर करनेवाली उनकी अनुगामिनी माता जानकी की बहुत बड़ी भूमिका रही है। माता जानकी के विषय में आगामी पीढ़ियों को जानकारी देने के उद्देश्य से जानकी महोत्सव का आयोजन एक सराहनीय प्रयास है। इससे यहां की स्थानीय संस्कृति, लोक परम्पराएं और पौराणिक महत्व के विषय में लोगों को जानने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि रामायण सर्किट के स्थलों को पर्यटकीय दृष्टिकोण से विकसित और आकर्षित बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में देश और राज्य के गौरवशाली इतिहास और विरासत को अक्षुण्ण रखने की दिशा में मजबूती से काम हो रहा है। माता जानकी के पौराणिक महत्व की ख्याति राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्थापित करने की दिशा में सरकार काम कर रही है। अयोध्या से लेकर जनकपुर तक राम-जानकी पथ का निर्माण किया जा रहा है। बिहार में इस सड़क की कुल लंबाई 243 किलोमीटर है। उन्होंने इस अवसर पर जानकी महोत्सव के सभी आयोजकों एवं मां जानकी मिथिला पुनर्जागरण समिति के सदस्यों सहित समस्त मिथिलांचल वासी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्रम संसाधन मंत्री जीवेश कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री राम सूरत राय, पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव, पूर्व मंत्री नीतीश मिश्रा, भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद नारायण झा, भाजपा नेता अरुण शंकर, वरुण सिन्हा, मृत्युंजय झा, जिला परिषद् अध्यक्ष एवं सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण, भारी संख्या में स्थानीय मिथिलांचल वासी, नागरिकगण उपस्थित थे।

## NEWS IN BRIEF

### राशि गबन के मामले में सीओ पर एफआईआर का निर्देश

बांका। बांका के तत्कालीन डीएम सुहर्ष भगत ने कोविड-19 के दौरान करीब 19 लाख रुपये गबन के आरोप में तत्कालीन शंभुगंज के सीओ परमजीत सिरमौर पर प्राथमिकी दर्ज का निर्देश दिया हैं। डीएम ने यह निर्देश लिखित रुप से शंभुगंज के वर्तमान सीओ को दिया है. जिसमें कहा है कि मुख्यमंत्री के जनता दरबार में रामचुआ के राजकुमार सिंह ने कोराना काल 2020 के दौरान तत्कालीन सीओ पर राशि गबन का आरोप लगाया था। इसके बाद 25 अगस्त 2021 को जिलास्तरीय तीन सदस्यी टीम के नेतृत्व में मामले की जांच करायी गयी। जांच टीम में लेखा प्रशासन निदेशक, जिला लेखा पदाधिकारी व जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी शामिल थे। जांच टीम ने अपने जांच प्रतिवेदन में तत्कालीन सीओ पर कोरेंटिन केंद्रों पर आवासित व्यक्तियों के आवासन, भोजन इत्यादि पर किये गये व्यय से संबंधित कैशमेमो की भुगतान में अनियमितता बरती है। सीओ के द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण का जबाब असंतोषजनक मिला था। जिसके बाद तत्कालीन सीओ पर वित्तीय अनियमितता के लिए नीलाम पत्र वाद दायर करने का निर्देश दिया गया।

डीएम ने तत्कालीन सीओ के विरुद्ध प्रपत्र 'क' गठन करते हुए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा है। मौजूदा समय में तत्कालीन सीओ परमजीत सिरमौर बेगूसराय देघड़ा में कार्यरत होने की बात बतायी जा रही हैं. मालूम हो कि गत सोमवार की देर शाम तत्कालीन डीएम ने बांका के नये डीएम अंशुल कुमार को अपना पदभार सौंपने के बाद अपने नये पदस्थापन जिला के लिए प्रस्थान कर गये।

## झपटमारों ने महिला के गले से उड़ाए सोने के चेन

बीएनएम@भागलपुर।

भागलपुर। जिले के आदमपुर थाना क्षेत्र स्थित राधा रानी सिन्हा रोड नवयुग विद्यालय के समीप मंगलवार को पैदल जा रही महिला से मोटरसाइकिल सवार झपटमार ने गले से सोने का चेन झपट कर फरार हो गए। महिला के मुताबिक सोने के चेन की कीमत करीब 80 हजार रुपए है। उक्त महिला बजाज फाइनेंस ऑफिस कार्ड बनवाने जा रही थी। ऑटो से घंटाघर उतर कर पैदल नवयुग विद्यालय होते हुए आदमपुर की ओर जा ही रही थी। तभी दो मोटरसाइकिल सवार उसके गले से दो भर सोने के चेन को छीनकर चलता बना। पीड़ित महिला गुरहट्टा चौक करिया रहमानपुर की शाहजहां आलम की पत्नी शगुफ्ता परवीन है। पीड़ित महिला आदमपुर थाने में केस दर्ज कराई है। उधर आदमपुर थानाध्यक्ष सीसीटीवी कैमरा खंगालने में लगे हुए हैं।

## सारण में अवैध बालू के खिलाफ प्रशासन का अभियान, 51 गिरफ्तार

बीएनएम@भागलपुर

भागलपुर।।एसपी व डीएम के संयुक्त निर्देश पर वरीय पुलिस पदाधिकारियों एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों के द्वारा अवैध बालू के खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में बालू लदे 78 वाहनों इसमें 74 ट्रक और 4 ट्रैक्टर को जब्त कर 8 कांड दर्ज किया गया है जिसमें क्या 51 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है । ओवरलोडेड और बिना चालान के बालू लदे वाहनों पर जुर्माने की कार्रवाई अभी भी जारी है बालू के अवैध खनन ,परिवहन पर रोक लगाने हेतु लगातार कार्रवाई हो रही है इस विशेष अभियान के तहत 101 अभियुक्तों के खिलाफ कांड दर्ज किया गया है जिसमें 51 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इन 78 बालू लदे वाहनों में 52226 सीएफटी बालू अनुमानित 21 लाख 41 हजार 225 रुपये को जब्त किया गया है आगे ज़ुर्माने के रूप में कार्रवाई की जा रही है। इस तरह जिले में बालू लदे ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जिला पुलिस ,स्थानीय थाना, खनन विभाग ,परिवहन विभाग के द्वारा संयुक्त रुप से यह कार्रवाई की जा रही है सारण जिले में बालू लदे ओवरलोड ट्रकों से अब तक सबसे ज्यादा जुर्माना लगाया गया है और इस वित्तीय वर्ष में लगभग 20 करोड़ रुपये बालू लदे ओवरलोड ट्रकों से जुर्माने के रूप में अभी तक वसूला गया है।

## गया में बच्चे के जिंदा होने के लिए कब्र के निकट भजन गा रही महिलाएं

बीएनएम@गया

गया। झाड़फूंक का अंधविश्वास आज भी ग्रामीणों में व्याप्त है। मंगलवार को एक मामले में तो कम से कम ऐसा ही हुआ। ताड़ के पेड़ से गिरने से हुई एक बच्चे की मौत के बाद उसके कब्र पर धार्मिक ग्रंथ रखकर इस उम्मीद में महिलाएं भजन गा रही हैं कि अगले तीन दिनों में बच्चा जिंदा हो जाएगा। इस दौरान भजन गा रही महिलाओं को देखने के लिए भी लोगों की भीड़ जमा हो गई है। हालांकि कब्र के निकट लोग नहीं जा रहे हैं। दूर से पूरे मामले को देख रहे हैं। इधर भजन गा रही कुछ महिलाओं का कहना है कि परमपिता परमेश्वर की कृपा से बच्चा जिंदा हो सकता है। उन्हें उम्मीद है कि मृत बच्चा तीन दिन में जिंदा हो जाएगा। बीते रविवार की शाम गांव के बघार में ताड़ के पेड़ से फल तोड़ने के दौरान आमस प्रखंड के बभंडीह निवासी कौलेश्वर यादव के 12 वर्षीय पुत्र रंजन कुमार का संतुलन बिगड़ गया था। जिससे वह नीचे जमीन पर गिर पड़ा था। हादसे में उसकी मौत हो गई थी।



## दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई: शिक्षा मंत्री



बीएनएम@पटना

**-जगजाहिर है जातीय जनगणना के पक्षधर हैं मुख्यमंत्री :लेसी सिंह**

**-जदयू के जनसुनवाई कार्यक्रम में मंत्री विजय कुमार और मंत्री लेसी सिंह हुईं शामिल**

पटना। जदयू के प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संसदीय कार्य एवं शिक्षा विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी और खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री लेसी सिंह शामिल हुईं। इस दौरान विभिन्न इलाकों से आए आम कार्यकर्ताओं और लोगों के समस्याओं को सुनकर उसका निष्पादन किया गया। इस अवसर पर संसदीय कार्य एवं शिक्षा विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने विगत दिनों बीपीएससी की परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस मामले की पुलिस जांच कर रही है और जो भी दोषी होंगे उनकी निश्चित तौर पर गिरफ्तारी होगी या इससे भी बड़ी कोई सख्त कार्रवाई हो सकती है तो वह भी की जाएगी। सरकार इस मामले में तुरंत एक्शन में आ गई और बीपीएससी प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर कमेटी बनाई गई तथा बीपीएससी परीक्षा को तत्काल रद्द कर दी गई। उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्र लीक या वायरल किए जाने से किसी को फायदा पहुंचा हो, इसका कोई प्रमाण नहीं है, फिर भी किसी तरह का संदेह पैदा ना हो इसके लिए परीक्षा को रद्द कर दी गई है। आने वाले समय में पुनः परीक्षा आयोजित की जाएगी और कड़ी निगरानी एवं पारदर्शिता के साथ परीक्षा ली जाएगी। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि जातिगत जनगणना के मामले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सर्वदलीय नेताओं के साथ देश के प्रधानमंत्री से मुलाकात कर चुके हैं और मुख्यमंत्री अपना स्पष्ट पक्ष रख चुके हैं। मुख्यमंत्री जातिगत जनगणना के पक्षधर है यह जगजाहिर है। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ नवीन आर्य चन्द्रवंशी, मुख्यालय महासचिव मृत्युंजय कुमार सिंह उपस्थित रहे।

BORDER NEWS MIRROR
CHAMPARAN
Wednesday
11-05-2022


# पताही पुलिस पर एक महिला जनप्रतिनिधि के दबाब में कार्य करने का लगा आरोप




बीएनएम@सागर सूरज

**वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट को ध्वस्त करने वाले बदमाशों पर कोई कार्रवाई नहीं**

**डीएसपी ने कहा हर हाल में होगी गिरफ़्तारी, व्यस्थता के कारण पर्वेक्षण टिप्पणी निकलने में हुई देरी**

मोतिहारी। गत महीने कचरा प्रबंधन के लिए बनाये गए वेस्ट प्रबंधन यूनिट को बदमाशों द्वारा तोड़े जाने के बाद दर्ज प्राथमिकी मे अब तक किसी भी नामजद अभियुक्त की गिरफ़्तारी नहीं हो सकी है और ना ही वरीय अधिकारियों का इस मामले में पर्वेक्षण टिप्पणी ही निकला है। नतीजन, बदमाशों का हौसला सातवे आसमान पर है और इलाके में कई सरकारी यूनिट इन बदमाशों के निशाने पर आ गई है। सनद रहे कि गत 23 अप्रैल को पताही पूर्वी पंचायत मे निर्माणाधीन वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट को कुछ असमाजिक तत्वों ने जमीनी विवाद की बात कहते हुये ध्वस्त कर दिया था। पकड़ीदयाल एसडीओ कुमार रविन्द्र ने घटना स्थल का निरिक्षण करते हुये प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया था। पंचायत सचिव शम्भू शरण के द्वारा दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध सरकारी सम्पति नुकसान की प्राथमिकी भी दर्ज की गयी। अभियुक्तों में रामबाबू प्रसाद, रणधीर कुमार सिंह, मनीष कुमार, संजय साह, अमित कुमार, किशोरी दास आदि लोगों के विरुद्ध कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ, लेकिन आज तक करवाई नहीं हो सकी। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एसएलडब्लूएम के अंतर्गत बन रहे प्रोसेसिंग यूनिट को ध्वस्त करने के मामले में सरकारी कार्यों में बाधा का भी मुकदमा दर्ज किया गया। अभियुक्तों की हिम्मत तो देखिये कि कार्य करवा रहे पंचायत के स्वक्षता पर्वेक्षक रंजन कुमार को निर्माण कार्य ध्वस्त करने से पूर्व धमकी दी गयी। घटना के बाद बदमाशों के द्वारा कई सामान भी उठा कर ले जाने का आरोप दर्ज प्राथमिकी में लगाया गया, लेकिन इसके बाद भी करवाई नहीं हो सकी। कार्रवाई में देरी को लेकर उक्त इलाके के सरकारी कार्यों को करवा रहे कर्मियों में आक्रोश है। आरोप है कि अभियुक्तों को भाजपा की एक बड़ी नेत्री मदत कर रही है और पुलिस अधिकारियों पर दबाब भी बना रही है ताकि बदमाश उक्त मुक़दमे से मुक्त हो सके। पक्ष लेने के लिए पताही थाने के सरकारी नंबर पर जब फोन किया गया तो फोन बंद मिला वही पकड़ीदयाल डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने कहा हर हाल में गिरफ़्तारी होगी। एक दो दिन में लिखित आदेश भी जारी कर दिया जायेगा। व्यस्तता के वजह से पर्वेक्षण टिप्पणी में देरी हुई है। बता दे कि ज़िले में सरकारी कार्यों में व्यवधान की लगातार खबरें आ रही है।

## NEWS IN BRIEF

### गौ माता के वंशजों को संरक्षित और संग्रहित करने का मेरा दायित्व: गोपाल

मोतिहारी। पूर्वी चंपारण बिहार गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन के समादेष्टा पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार ने 2 गौ माता के वंशजों को गोपाल गौशाला वीर सावरकर नगर तुरकौलिया को दान स्वरूप भेंट किया। पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि गौ माता अथवा वंशजों के गौशाला में दान करने से वंश की सद्बुद्धि और वंश की उन्नति होती है। गोपाल गौशाला के सचिव गोपाल जी मिश्रा ने बताया कि गौ माता के वंशजों को संरक्षित और संग्रहित करने का मेरा दायित्व है। गोपाल गौशाला वीर सावरकर नगर में गौ माता और वंशजों की संख्या बढ़कर 203 हो गई। गोपाल जी मिश्रा अन्य गो-पालको से निवेदन करते हैं कि अनुपयोगी गौ माता अथवा उनके वंशजों को कसाई के हाथों कृपया नहीं भेजें। गोपाल गौशाला में लाकर दान देकर गौ माता को ईश्वर प्रदत्त जीवन जीने का अधिकार दे आपके वंश की उन्नति होगी।

### डायन कह कर मारपीट करने के मामले में सात पर एफआईआर

बेतिया। मैनाटाड़ थाना क्षेत्र के संतपुर परसौनी गांव की एक महिला को डायन कह कर मारपीट करने के मामले में सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। प्राथमिकी दर्ज की करवाई अदालती आदेश के तहत की गयी है। मैनाटांड़ थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि संतपुर परसौनी के रामजी यादव के आवेदन पर गांव की ही विजय यादव, जयप्रकाश यादव, बिंदेश्वरी कुमार सहित सात लोगों को नामजद किया गया है। दर्ज प्राथमिकी में वादी ने बताया है कि मेरी पत्नी को उक्त लोगों ने डायन कहकर मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया था।

# एसएसबी ने गांजा के साथ धंधेबाज को किया गिरफ्तार

बीएनएम@बेतिया

बेतिया। इंडो नेपाल बॉर्डर पर 44वीं बटालियन अंतर्गत नगरदेही बीओपी के जवानों ने सबेया गांव में छापेमारी कर गांजा के साथ योगेंद्र पासवान को धर दबोचा। एसएसबी की कार्रवाई मंगलवार के अहले सुबह में की गयी। योगेंद्र पासवान के पकड़े जाने पर काफी संख्या में ग्रामीण नगरदेही एसएसबी कैंप पहुंचकर उसे छुड़ाने के लिए हंगामा करने लगे। ग्रामीणों का कहना था कि योगेंद्र पासवान निर्दोष आदमी है। उसे फंसाने के लिए उसके घर के आसपास गांजा रख दिया गया है। हालांकि नगरदेही एसएसबी में तैनात सहायक सेनानायक अतुल तिवारी ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। उन्होंने बताया कि 3 किलो गांजा के साथ पकड़े योगेन्द्र पासवान को भ्ंगहा थाना को सौंप दिया गया है। भ्ंगहा थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि इस संबंध में केस दर्ज कर गांजा धंधेबाज को जेल भेज दिया गया।

# मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से मुक्ति के लिए बीडीओ को दिया ज्ञापन

बीएनएम@चिरैया

चिरैया। मच्छरों के आतंक निज़ात दिलाने के लिए भाजयुमो ढाका के जिला प्रवक्ता जयराम प्रसाद निषाद ने चिरैया बीडीओ नंदकिशोर साह एवं सीएचसी के पीएचसी प्रभारी श्याम पासवान को एक ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से मुक्ति दिलाने हेतु चिरैया प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के सभी वार्डो व चौक चौराहों पर डीडीटी दवा का छिड़काव किया जाय। बताया जाता है कि इन दिनों प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पंचायतों के लोग कालाजार व मलेरिया के भय से भयभीत है। इसका कारण है कि नालियों व गड्ढे में पानी जमा रहने से मच्छरों के लावा उसमें फलते फूलते है। जिसके कारण मच्छरों की संख्या काफी बढ़ गई है। लोग दिन में भी बिना मच्छरदानी के बैठ नही पाते है। चिरैया में बहुत दिनों से फागिंग व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नही किया गया है। जिसके कारण मच्छरों का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। मनुष्य के लिए हानिकारक सिद्ध हो चुके मॉस्किटो क्वायल व मच्छरमार अगरबत्ती का प्रयोग करने के लिए लोग मजबूर है। श्री निषाद ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिन एक दो पंचायतों में कालाजार के मामले उजागर हुए है सिर्फ वही दवा का छिड़काव किया गया है। अपने ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि इस जानलेवा जनसमस्या से निज़ात के लिए इसका जल्द समाधान निकाला जाए।

# युवाओं को उपलब्ध कराएं जाएंगे खेल के बेहतर सुविधा: सिकारिया

बीएनएम@बेतिया

बेतिया। बेतिया नगर निगम क्षेत्र के झिलिया स्थित भूखंड पर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का बेतिया नगर निगम की निवर्तमान सभापति गरिमा देवी सिकारिया ने आज उद्घाटन किया। मौके पर गरिमा देवी सिकारिया कहा कि अगर आपने मौका दिया तो मेरे अगले कार्यकाल में पूरे नगर निगम क्षेत्र के युवाओं को खेल कूद के बेहतर सुविधा और संसाधन उपलब्ध कराएं जाएंगे। उन्होंने कहा कि व्यवधान और अनर्गल विरोध के बावजूद मैंने अपने चार साल के कार्यकाल को सबके लिए यादगार बनाया है। उसी आधार पर एक और मौका मांगने के लिये घर घर जा रही हूं। इस मौके पर पूर्व नगर पार्षद सूर्यकांत मिश्र ने नगर निगम की निवर्तमान सभापति का स्वागत व अभिनन्दन किया। मौके पर सौरभ कुमार ने भी गरिमा देवी सिकारिया का स्वागत किया।



# स्वतंत्र एजेंसी से हो नाला निर्माण की जांच



बीएनएम@बगहा

बगहा। राष्ट्रीय पथ 727 बगहा - बेतिया मुख्यमार्ग स्थित रतनमाला से लेकर पिपरीया तक सड़क के दोनों तरफ बनाये गये नाला की जांच की मांग ग्रामीणों ने की है। इस संदर्भ में स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मुख्य सचिव पथ निर्माण विभाग और ज़िलाधिकारी पश्चिम चम्पारण से स्वतंत्र एजेन्सी से नाला निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीण सह समाजसेवी मंटू पांडेय सहित अन्य लोगों ने बताया कि बेलवा डुमरिया गांव स्थित एन एच के किनारे बने सरकारी नाला के दीवार को चूहों ने काट दिया है, जिससे पानी का रिसाव हमेशा हो रहा है। उन्होंने रतनमाला - बगहा में नाला निर्माण कार्य के साथ ही पूल पुलिया निर्माण कार्य में मानक विहिनता का आरोप लगाते हुए कहा कि अभियंताओ की मिली भगत से नाला व पुल पुलिया निर्माण कार्य में काफी लूट खसोट हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि रतनमाला व बगहा दोनों साइड बने नाला में मानक के हिसाब से छड कम लगाया गया है। साथ ही गिट्टी की ढलाई में एक लेयर संवेदक ने कम कर दिया है। नाला निर्माण कार्य की उंचाई भी कम है।मुख्य मार्ग में जो भी पुल पुलिया निर्माण कराया गया है, उसके निचले वेश की ढलाई मे एक लेयर कम है। उन्होंने बताया कि 150 एम एम पर छड लगाना था, जबकि 250 से 300 एम एम की दूरी छड़ लगाया गया है। छड में 50 प्रतिशत की चोरी संवेदक के द्वारा कर लिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि नाला निर्माण कार्य रतनमाला से बगहा नगर लगभग 10 किलोमीटर कराई गई है, लेकिन गुणवत्ता एवं मजबूती की ख्याल नहीं रखा गया। उक्त निर्माण कार्य मे अभियंताओ की मिली भगत से बहुत बडी घपला हुई है।

# अंग्रेजी शासन में बने पुलवाघाट पुल क्षतिग्रस्त, नही सुन रहे विधायक व अधिकारी




बीएनएम@ आफताब आलम

तुरकौलिया। अंग्रेजी शासन में बने पुलवाघाट पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे चार पहिया वाहन चलना बंद हो गया है। राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। इसके पूर्व में भी दो बार यह यह पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से मरम्मत कराकर काम चलाऊ बनाया गया था। एक बार फिर पुल का उपरी हिस्सा टूटकर नदी में गिर गया है। पुल के एक साइड से बाइक और साइकिल से लोग किसी तरह आ जा रहे हैं। पुल क्षतिग्रस्त होने से राहगीरों की परेशानी काफी बढ़ गई है। जिला मुख्यालय या प्रखंड कार्यालय जाने के लिए यही पुल केवल एक साधन है। इस पुल से होकर हर दिन जयसिंहपुर पूर्वी, दक्षिणी व उत्तरी और वेलवा राय पंचायतों के लोग तुरकौलिया और मोतिहारी अपने काम से जाते हैं। साथ ही तुरकौलिया से गोखुला और मगनुआ होते हुए इसी पुल से होकर हरसिद्धि जाने का रास्ता है। इधर से काफी नजदीक पड़ता है। पुल टूट जाने से दूरी बढ़ गया है। साथ ही उक्त पंचायतों के लोगों को जिला मुख्यालय या प्रखंड कार्यालय जाने के लिए करीब 7-8 किलोमीटर की अधिक दूरी तय करनी पड़ रही है। खासकर बड़हरवा, गोखुला, बहरुपिया, मगनुआ, वेलवाराय, खिरवा, शारदा टोला गांवों के लोगों को काफी दिक्कत होती है। पुल क्षतिग्रस्त होने से हमेशा अनहोनी होने की संभावना बनी रहती है। जयसिंहपुर के अजय कुमार यादव ने बताया कि एक सप्ताह पहले पिपरा से दुर्गा चौक पर मुली साह के दरवाजे पर बारात आ रहा था। पुल टूटने की जानकारी नहीं होने से दुल्हा का गाड़ी पुल के गड्ढे में बस गया। किसी तरह ट्रेक्टर की मदद से दुल्हा का गाड़ी निकाला गया नही तो बड़ी घटना घट सकती थी। अंजान लोगों के लिए हमेशा चिंता बनी रहती है। टूटा हुआ पुल कभी भी जानलेवा साबित हो सकता है। यह पुल 24 घंटे मौत की दावत दे रहा है। फिर जनप्रतिनिधि या विभागीय अधिकारी इससे अनजान बने हुए हैं। रामविलास सिंह, विहारी राय, अजय यादव, विरेंद्र यादव, मोतिलाल पासवान, वृजकिशोर राम, चंदेश्वर राय, ध्रुप यादव आदि लोगों का कहना था कि विधायक से लेकर सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत करा दिया गया है। इसके बावजूद भी आजतक मरम्मत नही कराया गया। नतीजतन 3-4 माह से चार पहिया वाहनों का आना जाना बिल्कुल बंद हो गया है। यह पुल काफी पुराना है। कभी भी नदी में धंस सकता है। ग्रामीणों का कहना था कि नया पुल का निर्माण होना चाहिए। ताकि बार बार पुल टूटने के समस्या से निजात मिल सके।

## NEWS IN BRIEF

### कायाकल्प के बाद नए कलेवर में दिखेंगे गोपालगंज के जिला निबंधन कार्यालय

गोपालगंज। जिला निबंधन कार्यालय अब नये कलेवर में नजर आएंगे।यहां सुविधाओं में भी इजाफा किया गया है। इसके साथ ही मीरगंज,फुलवरिया व सिधवलिया कार्यालयों का भी कायाकल्प किया जाएगा। जिला निबंधन कार्यालय के जिला अवर निबंधक पदाधिकारी गौतम कुमार ने बताया कि नागरिकों को निबंधन कार्यालय में मूलभूत सुविधाएं और पारदर्शी प्रणाली के तहत कार्य ही सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए निबंधन कार्यालयों का कायाकल्प किया जा रहा है। इसमें निबंधन के लिए डिस्प्ले, टोकन प्रणाली, प्रतीक्षा कक्ष, आरामदायक फर्नीचर आदि की सुविधाएं रहेंगी। निबंधन कार्यालयों के लिए मॉडल के रुप में विकसित किया जा रहा है। पहले इन कार्यालयों में वृद्ध, दिव्यांग, महिलाओं व अशक्त लोगों के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं थी। कायाकल्प के तहत ही दास्तवेजों का आनलाइन निबंधन, अप्वाइंटमेंट व्यवस्था, स्टांप की व्यवस्था, प्रमाण पत्रों को आनलाइन जारी करना, आदि निबंधन कार्यालय की अहम भूमिका है।

### दहेज हत्यारोपी व मारपीट के आरोपी गिरफ्तार

तुरकौलिया। दहेज हत्यारोपी व मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि मारपीट का आरोपी तुरकौलिया मध्य पंचायत के बसवरिया टोला के सुधीश पासवान का पुत्र हरदयाल पासवान है व शंकर सरैया उत्तरी पंचायत के परसौना गांव के दहेज हत्याकांड का आरोपी गणेश पासवान ऊर्फ दिनेश पासवान को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। जो महिनों से फरार चल रहे थे।

# बाइक सवार अधेड़ को मारी टक्कर, घटनास्थल पर ही मौत

बीएनएम@गोपालगंज

गोपालगंज। कुचायकोट थाना क्षेत्र के बेलवनवा गांव के पास एनएच-27 पर खड़े ट्रक में बाइक सवार एक अधेड़ ने टक्कर मार दी। इस घटना के बाद बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गोपालपुर थाना क्षेत्र के नरहवां शुक्ल गांव निवासी लक्ष्मी साह के पुत्र शिवनाथ प्रसाद के रुप में की गई। शिवनाथ प्रसाद पीडब्ल्यूडी में रोलर ड्राइवर के पद पर पिछले 30 वर्षों से तैनात थे। वो मंगलवार को बाइक से किसी काम को लेकर गोपालगंज गए थे। वापस घर लौटने के दौरान बेलवनवा गांव के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई। जब तक वे संभल पाते तब तक बाइक खड़े ट्रक में टकरा गई। इससे उनके सिर में गंभीर चोट लगी। अत्यधिक खून निकल जाने के कारण उनकी मौत हो गई।

# बाढ़ एवं कटाव से निपटने के लिए सभी तैयारियां ससमय करें पूर्ण: नितिन नवीन

बीएनएम@बेतिया

बेतिया। पथ निर्माण मंत्री सह-प्रभारी मंत्री, पश्चिम चम्पारण के नितिन नवीन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में संभावित बाढ़ पूर्व तैयारी, शहर में जलजमाव, जल-जीवन-हरियाली, पथ निर्माण विभाग के कार्यों आदि की विस्तृत समीक्षा की गयी। मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आसन्न बाढ़ एवं कटाव के मद्देनजर अबतक बेहतर कार्य किया गया है। आगे भी इसी तरह तत्परतापूर्वक कार्य होना चाहिए। बाढ़ एवं कटाव को लेकर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि टीम वर्क के साथ कार्य करने पर हर कार्य आसान हो जाता है। सभी अधिकारियों को टीम वर्क की भावना के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने निदेश दिया कि जिले में अधिष्ठापित वर्षा मापक यंत्र तथा ऑटोमेटेड वर्षा मापक यंत्रों की 24×7 मॉनिटरिंग करना अनिवार्य है ताकि पूर्व में ही मौसम का हाल जानकर जिलेवासियों को सजग एवं सतर्क किया जा सके। उन्होंने निदेश दिया कि संभावित बाढ़ एवं कटाव के मद्देनजर प्रभावित होने वाले संवेदनशील स्थलों पर डिसेन्ट्रलाइज तरीके से सुरक्षात्मक सामग्री का भंडारण सुनिश्चित किया जाय। इस अवसर पर सांसद संजय जायसवाल, सुनील कुमार, सतीश चन्द्र दूबे, उपमुख्यमंत्री रेणु देवी, पर्यटन मंत्री, श्री नारायण प्रसाद, सभी विधायक व जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विशेष अभियान के तहत विभिन्न थानों से कुल 51 अभियुक्त गिरफ्तार

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष, के निर्देशानुसार अपराधियों के विरुद्ध योजनाबद्ध अभियान चलाकर विगत दिवस को विभिन्न थानों से कुल 51 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में 04 पेशेवर अपराधकर्मी हैं। कुल गिरफ्तार अभियुक्तों में 01 हत्या, 01 लूट, 01 दहेज हत्या, 02 पॉक्सो अधिनियम, 01 एस.सी./एस.टी. अधिनियम, 01 चोरी एवं 11 हत्या का प्रयास के कांड के आरोपी हैं। शराब के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस के तहत एंटी लीकर टास्क फ़ोर्स द्वारा नगर, लखौरा, पताही, पचपकड़ी, गोविंदगंज एवं हरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत संयुक्त सघन छापामारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के उपरांत 736 लीटर विदेशी शराब, 117 लीटर देशी शराब एवं 04 मोटर साइकिल एवं 01 ट्रैक्टर ट्राली सहित को जप्त किया गया है। इस सुनियोजित अभियान के दौरान कुल 11 कांड दर्ज किये गए हैं।



# सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा संपन्न



बीएनएम@मोतिहारी

**वैदिक मंत्रोच्चार व हवन यज्ञ के साथ संपन्न हुआ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा**

**सैक्डो की संख्या मे भक्तो ने हवन यज्ञ व भांडारा मे लिया हिस्सा**

**श्री कृष्ण सुदामा मिलन व भब्य झांकी और गंगा आरती अंतिम दिन का रहा आकर्षण का केंद्र**

मोतिहारी। मोतिहारी के मठिया जिरात मे आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन हवन यज्ञ, भंडारा व भवय झांकी व गंगा आरती के साथ संपन्न हो गया। वैदिक मंत्रोच्चार व भक्तिमय संगीत की प्रस्तुति और अयोध्या से आये महंथ श्री राम प्रवेश दास जी के प्रवचन व विश्व शांति व भारत को विश्व गुरु बनाने की कामना के साथ इस महायज्ञ का समापन बड़े ही भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। आयोजन के अंतिम दिन श्री कृष्ण व सुदामा जी के मिलन की कहानी को सुनने के लिए हज़ारों की संख्या मे भक्तो का हुजूम कार्यक्रम स्थल पर उमड़ पड़ा और लोगो ने बड़े ही भक्ति भाव के साथ इस कथा का श्रवन किया व पुण्य के भागी बने। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुभाष सिंह ने बताया की कथा के अंतिम दिन हवन के बाद बिशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया था, जिसमे हज़ारो भक्तो ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। अंतिम दिन के कथा मे महंथ श्री राम प्रवेश दास जी ने भगवान श्री कृष्ण और सुदामा के अटुट प्रेम व दोस्ती की मिसाल का वर्णन किया और कई सूक्ष्म बिंदुओं पर प्रकाश डाला। श्रीमद् भागवत कथा को सफल बनाने मे अध्यक्ष सुभाष सिंह, उपाध्यक्ष मनी सिंह व मधु सिंह, सचिव प्रवीण पांडेय, मुन्ना सिंह, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह,, महेश शाह, नारद शाह, प्रवेश शाह, लखिन्द्र शाह, दिलीप साह, रुदल सिंह पटेल, दयाल दास व कलायत दास का सारानीय योगदान रहा।

# योगी सरकार में 60 हजार करोड़ का घोटाला, कोर्ट ने दिया 2800 साल के बाद सुनवाई की तारीख




बीएनएम@सागर सूरज

लखनऊ/पटना। उत्तर पदेश के गाज़ियाबाद शहर मे आम आदमी को सस्ते मूल्य पर फ़्लैट उपलब्ध करवाने की योगी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में तक़रीबन 60 हजार करोड़ घोटाले का मामला सामने आया है। साथ ही मामले के उद्वेदन के बाद तक़रीबन 30 करोड़ फ्लेट मालिकों के जमीन एवं फ्लेट के स्वत पर भी खतरा मडराने लगा है। इधर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेशों को क्रोशिंग रिपब्लिक एवं गाज़ियाबाद डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीडीए) के द्वारा दरकिनार करने के बाद दायर कंटेम्प्ट में कोर्ट द्वारा सुनवाई की अगली तारीख 1 जनवरी, 5000 यानी 2800 सालों के बाद दिया गया है, जिसकों लेकर आवेदक सामंत कुमार जयसवाल, संजय सिंह और पंकज चन्द्र आदि सकते में है। सुनवाई की तारीख को कोर्ट क्लर्क की मिस्टेक मानते हुए उसे ठीक करवाने को लेकर आवेदक गण लगातार कोर्ट की चक्कर लगा रहे है, वही मामले की लिपा-पोती को लेकर जीडीए, क्रोसिंग रिपब्लिक एवं बिल्डर्स के लोग लगातार प्रयासरत है। मामला ये है कि बिल्डर ने बिना कम्पलीशन सर्टिफिकेट हासिल किये एवं गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने से पूर्व निर्धारित चेक लिस्ट को नज़र अंदाज़ करते हुये ना तो पूर्णता सर्टिफिकेट लिया और ना ही किसी भी तरह के मानकों को ही पूरा किया है और ऐसे तक़रीबन 30,000 फ्लेट मालिक ऐसे है जो इस धोखाधड़ी के शिकार है वही मामले के खुलासे के बाद अधिकारी पैचिंग के सारे हथकंडे अपनाने पर लगे है, लेकिन उच्च न्यायालय लगातार दबिश बनाये हुये है। बता दे कि उक्त चेक लिस्ट के अनुसार पूर्णता प्रमाण पत्र लेने से पूर्व मानचित्रों के स्थल, क्षेत्रफल का सत्यापन, सड़क चौडीकरण, ग्रीन बेल्ट, पार्क क्रीड़ा स्थल, निर्मित भवन के उचाई, दुकान स्कूल, नर्सिंग होम, सोलर वाटर हीटिंग सेण्टर, फायर फाइटिंग, लिफ्ट, बृक्ष, सीड़ियां, भूकंप रोधी निर्माण आदि का सत्यापन बिल्डर्स जीडीए को करना था, परन्तु बिल्डर्स ने सभी फ्लेटों को बिना पूर्णता प्रमाण पत्र के ही बेच दिया। गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण और सीआईसीएल ने तक़रीबन आठ बिल्डर्स के हाथों इस योजना को कार्यरूप देने के लिए अधिकृत किया लेकिन बिल्डर्स ने नियमों के विरुद्ध जा कर अवैध रुप से बैंकों के माध्यम से इन फ्लैटों एवं जमीनों को बेच डाला। बता दे कि बिहार के मोतिहारी निवासी आरटी आई कार्यकर्ता नागेन्द्र जयसवाल ने सर्वप्रथम बिना पूर्णता प्रमाण पत्र के 150 लोगों के नाम फ्लेट निबंधन के ऊपर सवाल खड़ा किया तो योगी सरकार के इस घोटाले के परत दर परत खुलते चले गए।

## NEWS IN BRIEF

### सवारियों से भरी ई-बस पेड़ से टकराई, कई यात्री चोटिल

कानपुर। कानपुर जनपद में एक बार फिर इलेक्ट्रिक बस सेवा लोगों के लिए आफत बनकर सामने आई। मंगलवार को चकेरी इलाके में सवारियों से भरी ई-बस अंनियत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में कई सवारियां चोटिल हो गई। हादसे के बाद चालक बस खड़ी कर दी और सवारियों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि चालक की गलती से पेड़ से ई-बस पेड़ से टकराई है। जनपद में चलाई जा रही बेहतर और आरामदायक ई-बस सेवा लोगों के लिए आफत बनकर सामने आ रही है। आज एक बार फिर सवारियों से भरी बस चकेरी थाना क्षेत्र में गुजरते हुए पेड़ से टकरा गई। टक्कर लगते ही सवारियों में चीख पुकार मच गई और बस में बैठे यात्री चोटिल हो गए, उनको निजी वाहनों द्वारा पास के अस्पताल भिजवाया गया।

### पूरी तरह से अप्रशिक्षित था बस चालक

इस हादसे को लेकर मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया कि वाहन चालक अपनी साइड का अंदाजा नहीं लगा पाया और बस सीधी पेड़ से हो गई। राहत की बात ये रही की कोई भी यात्री को गंभीर चोटें नहीं आई। ई बस के पेड़ से टकराने व प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों से साफ है कि जनपद में संचालित ई बस सेवा में कार्यरत चालक पूरी तरह से प्रशिक्षित नहीं है। ऐसा तब जब शहर में दो बड़े हादसे इसकी शुरुआत के बाद से सामने आ चुके हैं और अधिकारियों की सख्ती के बावजूद चालकों के रवैये में सुधार नहीं होता दिख रहा है। इससे यात्रियों व राहगीरों की जान जोखिम में पड़ी रहती है।

# महिलाओं से छेड़छाड़ का विरोध करने पर बारातियों को पीटा, मुकदमा दर्ज

बीएनएम@फर्रुखाबाद

फर्रुखाबाद। थाना क्षेत्र शमशाबाद के गांव कलुआपुर निवासी आनंदकुमार पुत्र राकेश ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि रात्रि समय लगभग 10:45 बजे कायमगंज स्थित मंगलम गेस्ट हाउस से बारात चढ़कर तहसील पुलिया पुल गालिब की ओर जा रही थी। बारात में शामिल बाराती नाच गा रहे थे। उसी समय 10-15 युवकों ने बारात में शामिल महिलाओं से अश्लीलता करने का प्रयास करते हुए। बारातियों पर ईंट पत्थर तथा लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इन लोगों का इरादा लूटपाट करना भी था। इस हमले में एक बाराती के काफी चोट आई है। मिली तहरीर के आधार पर 10-15 अज्ञात के साथ ही पहचान लिए गए अयान पुत्र असद निवासी कला खेल तथा उसके मौसेरे भाई सिद्दीकी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# ज्ञानवापी मामले में विवादित टिप्पणी पर प्रोफेसर रविकांत ने मांगी माफी

बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। टीवी डिबेट में ज्ञानवापी मामले में विवादित टिप्पणी करने वाले एसोसिएट प्रोफेसर रविकांत ने माफी मांग ली। सुबह विश्वविद्यालय खुलते ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रोफेसर रविकांत से उक्त मामले में मिलना चाहा तो उन्होंने मिलने से मना कर दिया और चीफ प्राक्टर कार्यालय में जाकर बैठ गये। लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर रविकांत के खिलाफ बर्खास्तगी पर अड़े विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं चीफ प्राक्टर समेत विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने समझाया लेकिन कार्यकर्ताओं ने एक बात नहीं मानी। विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस पर प्रोफेसर रविकांत ने कार्रवाई करने की बात कही। इसके बाद मौके पर पुलिस बुला ली गयी। पुलिस उपनिरीक्षकों एवं सिपाहियों की मौजूदगी में प्रदर्शन उग्र होने लगा। तभी वहां विश्वविद्यालय प्रशासन ने हस्तक्षेप किया। इस बीच कुलपति कार्यालय को भी सूचना दी गयी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अंशुल ने उक्त मामले में एसोसिएट प्रोफेसर की बर्खास्तगी तक प्रदर्शन जारी रखने की बात कही है। परिषद कार्यकर्ताओं के दबाव में आने के बाद माफी मांगते हुए रविकांत ने कहा कि उनकी बात से किसी को ठेस पहुंचा हो तो वह उसके लिए माफी मांगते हैं।

# तमंचे से हर्ष फायरिंग में अधेड़ की मौत



बीएनएम@गाजीपुर

गाज़ीपुर। सुहवल थानाक्षेत्र के मुरतपुरवां गांव में सोमवार की बीतीरात बारात में हुई हर्ष फायरिंग में गोली लगने से घायल मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के चकशाह मोहम्मद उर्फ मलिकपुरा निवासी लक्ष्मण कुशवाहा (60) की मौत हो गई। इससे पूरे बारात में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हर्ष फायरिंग करने वाला युवक फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई। चकशाह मोहम्मद उर्फ मलिकपुरा निवासी रामसूरत सिंह के पुत्र धनंजय की शादी सुहवल थाना क्षेत्र के मुरतपुरवा निवासी सियाराम सिंह की पुत्री सोनी से तय थी। बारात में शामिल एक युवक द्वारा तमंचे से कई बार हवाई फायर किया गया। लोगों ने उसे ऐसा करने से मना भी किया, मगर वह नहीं माना। इसी दौरान युवक ने दोबारा फायर किया, मगर गोली फंस गई। जिसे निकालते समय गोली बगल में खड़े लक्ष्मण के पेट में जाकर सीधे लग गई। गोली लगने की वजह से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। घटना की जानकारी होते ही घरवालों में कोहराम मच गया।

**गोलीकांड के बाद हर्ष फायरिंग करने वाला बारात में शामिल युवक मौके से फरार हो गया। बारात में गोली चलने की सूचना पर एएसपी ग्रामीण आरडी चौरसिया भारी पुलिस बल के साथ रात में ही मौके पर पहुंचे। पूरी जानकारी लेने के साथ ही आरोपित की गिरफ्तारी के लिए सुहवल पुलिस को निर्देशित किया। घायल को इलाज के लिए वाराणसी ले जाते समय मृत्यु हो गई।**

सुहवल प्रभारी निरीक्षक तारावती यादव ने बताया कि हर्ष फायरिंग में गोली लगने से अधेड़ की मौत के बाद दूल्हे के भाई द्वारा अज्ञात के खिलाफ दी गयी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है। कुछ लोगों को उठाकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अजय मिश्र बने एडवोकेट जनरल

बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार मिश्र को एडवोकेट जनरल नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में उनके नाम के प्रस्ताव को मंजूरी मिली। कैबिनेट की बैठक में कुल 13 अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। बैठक के उपरांत योगी सरकार के संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि अजय कुमार मिश्र एडवोकेट जनरल नियुक्त किये गये। उन्होंने बताया कि अजय कुमार मिश्र वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट में पिछले 10 सालों से कार्य कर रहे हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट से इन्होंने प्रैक्टिस की शुरुआत की। इनके पिता हाईकोर्ट के जज रह चुके हैं। कैबिनेट की बैठक में उनके नाम पर फैसला लिया गया है। उप्र में महाधिवक्ता रहे राघवेन्द्र सिंह का त्यागपत्र भी स्वीकार कर लिया गया है। अन्य प्रस्ताव में खिलाड़ियों के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है।



Wednesday 11 May 2022

# Editorial

**अहंकार उसी को होता है, जिसे बिना किसी संघर्ष के सब कुछ प्राप्त होता है और जिसने अपनी मेहनत से हासिल किया है, वही दूसरों की मेहनत की कद्र करता है।**

## भारत में इलाज का इलाज कैसे हो?

भारत में सरकारी अस्पतालों को देखकर हमारे स्वास्थ्य मंत्रियों को शर्म क्यों नहीं आती? ऐसा नहीं है कि उन्हें इन अस्पतालों की हालत का पता नहीं है। उन्हें अगर पता नहीं है तो वे 'राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5' की ताजा रपट जरा देख लें। उसके मुताबिक बिहार के 80 प्रतिशत मरीज अपने इलाज के लिए गैर सरकारी अस्पतालों में जाते हैं। उन्हें पता है कि इन निजी अस्पतालों में जबर्दस्त ठगी होती है लेकिन जान बचाने की खातिर वे उसे बर्दाश्त करते हैं। वे पैसे उधार लेते हैं, दोस्तों और रिश्तेदारों के कृपा-पात्र बनते हैं और मजबूरी में मंहगा इलाज करवाते हैं। ये लोग कौन हैं? निजी अस्पतालों में क्या कोई मजदूर या किसान जाने की हिम्मत कर सकता है? क्या तीसरे-चौथे दर्जे का कोई कर्मचारी अपने इलाज पर हजारों-लाखों रु. खर्च कर सकता है? इन अस्पतालों में इलाज करवाने लोग या तो मालदार होते हैं या मध्यम वर्ग के लोग होते हैं। ये ही ज्यादा बीमार पड़ते हैं। जो मेहनतकश लोग हैं, वे बीमार कम पड़ते हैं लेकिन जब पड़ते हैं तो उनके इलाज का ठीक-ठाक इंतजाम किसी भी राज्य में नहीं होता। उत्तर प्रदेश में भी 70 प्रतिशत मरीज निजी अस्पतालों में जाते हैं। सरकारी अस्पतालों में भयंकर भीड़ होती है। दिल्ली के प्रसिद्ध मेडिकल इंस्टीट्यूट में अगर आप जाएं तो आपको लगेगा कि किसी दमघोंटू हॉल में मेले-ठेले की तरह आप धक्के खाने को आ गए हैं। देश के कस्बों और गांवों के लोगों को लंबी-लंबी यात्रा करनी पड़ती है, सरकारी अस्पताल खोजने के लिए! करोड़ों लोग तो ऐसे हैं, जिन्हें अपने गंभीर रोगों के बारे में बरसों कुछ जानकारी ही नहीं होती, क्योंकि भारत में जांच और चिकित्सा बहुत मंहगी है। होना तो यह चाहिए कि देश में चिकित्सा बिल्कुल मुफ्त हो। सरकार ने अभी पांच लाख रु. के स्वास्थ्य बीमे की जो व्यवस्था बनाई है, उससे लोगों को कुछ राहत जरूर मिलेगी लेकिन इससे क्या सरकारी अस्पतालों की दशा सुधरेगी? सरकारी अस्पतालों की दशा सुधारने का पक्का उपाय मैंने कुछ वर्ष पहले एक लेख में सुझाया था। उस सुझाव पर इलाहाबाद न्यायालय ने मुहर लगा दी थी लेकिन उत्तर प्रदेश की अखिलेश या योगी-सरकार ने उस पर अभी तक अमल नहीं किया है।

## विश्व पटल पर प्रतिष्ठित होगी अयोध्या

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**



अयोध्या प्राचीन काल से भव्य नगरी के रुप में प्रतिष्ठित रही है। प्रभु श्रीराम के यहां अवतार लेने से पहले यह चक्रवर्ती सम्राटों की वैभवशाली राजधानी थी। प्रभु के अवतार ने इसे आध्यात्मिक रुप से भी दिव्य बना दिया था। किंतु मध्यकाल में इसे विदेशी आक्रांताओं के आक्रमण झेलने पड़े। पांच सौ वर्षों बाद यहां जीर्णोद्धार प्रारंभ हुआ है। भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। किंतु अयोध्या का विकास यहीं तक सीमित नहीं है। इसको विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रुप में विकसित किया जा रहा है। हजारों करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का क्रियान्वयन चल रहा है। इसमें मूलभूत सुविधाओं का विकास, ढांचागत निर्माण कार्य, शिक्षा स्वास्थ्य, सड़क कनेक्टिविटी आदि सभी क्षेत्र शामिल है। योगी आदित्यनाथ स्वयं इन कार्यों का जायजा लेने अयोध्या पहुंचते हैं। दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद वह दो बार अयोध्या की यात्रा कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने श्रीराम लला के दर्शन पूजन के अलावा मंदिर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा की। वह एक स्कूल का भी निरीक्षण करने गए। कुछ देर के लिए वह एक शिक्षक के रुप में बच्चों को पढ़ाते दिखाई दिए। वस्तुतः उनके कार्य करने का अपना अंदाज है। वे एक यात्रा में एक साथ अनेक उद्देश्य पूरा करते हैं। इन सभी का संबंध प्रदेश व समाज के हित से जुड़ा होता है। अयोध्या गए तो वहां श्रीराम लला विराजमान का दर्शन पूजन किया। यहां बन रहे मंदिर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। अनेक विकास योजनाओं की समीक्षा की। दलित परिवार में भोजन कर समरसता का संदेश दिया। उनके घर जा रहे थे तो पता चला कि कुछ मीटर दूरी पर बेसिक स्कूल है। बेसिक शिक्षा में ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से विगत पांच वर्षों में अभूतपूर्व सुधार किए गए हैं। योगी अक्सर इन विद्यालयों में निरीक्षण के लिए जाते रहते हैं। उस समय स्कूल खुला हुआ था तो वह कुछ पल के लिए शिक्षक की भूमिका में आ जाते हैं। बच्चों के लिए यह यादगार लम्हा बन जाता है। दरअसल, योगी दलित महिला बसंती के बेगमपुरा स्थित आवास में भोजन हेतु जा रहे थे। उनका काफिला आवास से कुछ आगे बढ़ गया। इंतजार कर रहे लोगों को हैरत हुआ। यहां से कुछ मीटर दूरी पर उनका काफिला रुका। योगी आदित्यनाथ वाहन से उतर कर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कटरा पहुंच गये। विद्यालय में सुविधाओं का निरीक्षण किया। सरकार द्वारा बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही यूनिफॉर्म की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद वह कई क्लास रुम में मुख्यमंत्री नहीं बल्कि शिक्षक के रुप में गए। बच्चों से सहजता से संवाद किया। ब्लैक बोर्ड पर जो लिखा था उसके बारे में उनसे सवाल किए। जो किताब खुली थी या कॉपी पर बच्चों ने जो लिखा था, उसके विषय में पूछा। जो गलती थी, उसे सही कराया। बच्चों से किताब पढ़वाई। हिंदी के शब्द और अर्थ के विषय में पूछा। अयोध्या मास्टर प्लान में सभी विकास परियोजनाओं को शामिल किया गया है। इसमें पुरातत्व महत्व के मंदिरों और परिसरों का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण शामिल है। बीस हजार करोड़ रुपए के इन प्रोजेक्ट में क्रूज पर्यटन परियोजना, राम की पैड़ी परियोजना, रामायण आध्यात्मिक वन, सरयू नदी आइकॉनिक ब्रिज, प्रतिष्ठित संरचना का विकास पर्यटन सर्किट का विकास, ब्रांडिंग अयोध्या, चौरासी कोसी परिक्रमा के भीतर दो सौ आठ विरासत परिसरों का जीर्णोद्धार, सरयू उत्तर किनारे का विकास आदि शामिल हैं। इसके साथ ही अयोध्या को आधुनिक स्मार्ट सिटी के तौर पर विकसित किया जा रहा है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

*Today's* **Opinion**

## नर्सिंग डे: समाज के लिए नर्सों के योगदान को नमन



**योगेश कुमार गोयल**

कोरोना काल में दुनिया भर में लाखों लोगों की मौत हुई लेकिन करोड़ों लोगों के प्राण बचाने में भी सफलता मिली। इसका श्रेय जाता है नर्सिंग कर्मियों को, जो स्वयं के संक्रमित होने के खतरे के बावजूद अपनी जान की परवाह किए बिना ज्यादा से ज्यादा लोगों की जान बचाने में जुटे रहे। 12 मई को मनाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सों के इसी योगदान को नमन करना जरूरी है। यह दिवस दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्हें 'आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता' माना जाता है। 'लेडी विद द लैंप' (दीपक वाली महिला) के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार ने वर्ष 1973 में नर्सों के अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की, जो नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं। फ्लोरेंस कहती थी कि रोगी का बुद्धिमान और मानवीय प्रबंधन ही संक्रमण के खिलाफ सबसे अच्छा बचाव है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म इटली में रह रहे एक समृद्ध और उच्चवर्गीय ब्रिटिश परिवार में हुआ था लेकिन वह इंग्लैंड में पली-बढ़ी। वह बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की। 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। 1837 में नाइटिंगेल परिवार अपनी बेटियों को यूरोप के सफर पर ले गया, जो उस समय बच्चों की शिक्षा-दीक्षा के लिए जरुरी माना जाता था। उसी सफर के दौरान फ्लोरेंस ने माता-पिता से कहा था कि ईश्वर ने उसे मानवता की सेवा का आदेश दिया है लेकिन यह नहीं बताया कि सेवा किस तरह से करनी है। यह सुनकर माता-पिता बेहद परेशान हो गए थे। फ्लोरेंस ने माता-पिता को बताया कि वह एक ऐसी नर्स बनना चाहती है, जो अपने मरीजों की अच्छी तरह सेवा और देखभाल कर सके। इस पर माता-पिता बेहद नाराज हुए थे क्योंकि विक्टोरिया काल में ब्रिटेन में अमीर घरानों की महिलाएं कोई काम नहीं करती थी। उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए भी माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा बिल्कुल सही नहीं है। वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। परिवार के पुरजोर विरोध और गुस्से के बाद भी फ्लोरेंस अपनी जिद पर अड़ गई और वर्ष 1845 में अभावग्रस्त लोगों की सेवा का प्रण लिया। वर्ष 1849 में उन्होंने शादी करने का प्रस्ताव भी ठुकरा दिया और परिजनों से दृढ़तापूर्वक कहा कि वह ईश्वर के आदेश का पालन करेगी तथा एक नर्स ही बनेगी। वर्ष 1850 में उन्होंने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रुप में अपना प्रारंभिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरु की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना। वर्ष 1853 में उन्होंने लंदन में महिलाओं के लिए एक अस्पताल 'इंस्टीच्यूट फॉर द केयर ऑफ सिंक जेंटलवुमेन' खोला, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के लिए बहुत सारी बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराई और नर्सों के लिए कार्य करने की स्थिति में भी सुधार किया। नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार उनका अहम योगदान वर्ष 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आई। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं था। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309
ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# कांग्रेस को दो नहीं, एक भारत चाहिएः राहुल गांधी



बीएनएम@अहमदाबाद

अहमदाबाद। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी मंगलवार को दाहोद में 'आदिवासी सत्याग्रह रैली' में हिस्सा लेने पहुंचे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को दो नहीं एक भारत चाहिए। 2014 में प्रधानमंत्री बनने वाले नरेन्द्र मोदी ने इससे पहले गुजरात में जो काम किया वह आज भारत में हो रहा है। इसे गुजरात मॉडल कहा जाता है। उन्होंने कहा कि आज दो भारत हैं। पहला अमीरों का। इनके पास शक्ति, धन और अहंकार है। दूसरा भारत आम लोगों का है। इस मॉडल को भारत में लागू किया गया है। कांग्रेस दो भारत नहीं चाहती। वह ऐसा भारत चाहती है जिसमें सभी को समान अधिकार हो और सभी को सारी सुविधाएं मिलें। उल्लेखनीय है कि गुजरात में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इस लिहाज से इस रैली को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कांग्रेस नेता राहुल ने कहा कि अगर गुजरात में कांग्रेस की सरकार बनी तो वह आदिवासियों की मर्जी से चलेगी। सरकार दो-तीन लोगों की नहीं जनता की आवाज से चलेगी। छत्तीसगढ़ की तरह गुजरात में गरीब बच्चों के लिए अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले जाएंगे। कांग्रेस वादा नहीं करेगी। वह गारंटी देगी। यह कोई जनसभा नहीं है, यह सत्याग्रह की शुरुआत है। उन्होंने कोरोना पर तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री कह रहे थे- "थाली बजाओ। तीन लाख लोगों की मौत हुई है लेकिन टीवी पर नरेन्द्र मोदी का एक ही चेहरा नजर आता है। सरकार ने सरकारी स्कूलों को बंदकर उनका निजीकरण कर दिया। उन्होंने कहा कि विकास की हर ईंट में आदिवासियों का हाथ है। राहुल के दाहोद पहुंचने पर पूरा सभागार जय आदिवासी, जय जौहर और लड़ेंगे-जितेंगे के नारों से गूंज उठा। पूर्वी गुजरात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमित चावड़ा ने भी सभा को संबोधित किया। गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश ठाकोर और विपक्ष के नेता सुखराम राठवा और गुजरात प्रभारी रघु शर्मा ने राहुल का स्वागत किया। हर्षदभाई निनामा ने चांदी की परछती पहना कांग्रेस नेता का स्वागत किया। दाहोद की रैली में भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच पाटीदार नेता और कांग्रेस नेता हार्दिक पटेल भी मंच पर मौजूद रहे। राहुल गांधी ने आदिवासी सत्याग्रह की शुरुआत की। सत्याग्रह पत्र जगदीश ठाकोर ने पढ़ा। राहुल ने सत्याग्रह ऐप और सत्याग्रह की वेबसाइट www.adiwasisatyagrah.in को लॉन्च किया। बैठक में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, तापी और वेदांता परियोजनाओं के खिलाफ आंदोलन करने का फैसला किया गया। कांग्रेस प्रभारी रघु शर्मा ने कहा, "यह रैली सत्याग्रह की शुरुआत नहीं है। कांग्रेस 125 विधानसभा सीटें जीतेगी।" जगदीश ठाकोर ने कहा कि सरकार आदिवासियों को परेशान कर रही है। कांग्रेस आदिवासियों के संघर्ष को अपना बनाने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि दाहोद स्थित नवजीवन आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज के ऐतिहासिक मैदान में राहुल गांधी आदिवासी सत्याग्रह रैली को संबोधित करेंगे।

## NEWS IN BRIEF

### आंध्र प्रदेश टीडीपी नेता पूर्व मंत्री नारायण पत्नी समेत गिरफ्तार

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश तेलुगु देशम पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री नारायण और उनकी पत्नी रमादेवी को मंगलवार सुबह आंध्र प्रदेश सीआईडी पुलिस ने उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। उनका आवास हाईटेक सिटी के पास है। दोनों को पुलिस चित्तूर लेकर जा रही है। पुलिस के मुताबिक पूर्व मंत्री पर आरोप है कि उनके श्रीचैतन्य और नारायण शिक्षण संस्थान से दसवीं कक्षा के प्रश्नपत्रों की श्रृंखला लीक हुई है। इस संस्थान के प्रिंसिपल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इस पेपर लीक प्रकरण कई सरकारी शिक्षकों की गिरफ्तारी हो चुकी ही।

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हेलिकॉप्टर की आपात लैंडिंग

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल चंपावत विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन किये। आज वे चंपावत से हेलिकॉप्टर द्वारा देहरादून लौट रहे थे। लेकिन पंतनगर पहुंचने पर अचानक तेज आंधी और बारिश शुरु हो गई। इस कारण उनके हेलिकॉप्टर की आपात लैंडिंग पंतनगर में करनी पड़ी। जानकारी के मुताबिक आज करीब 11 बजे अचानक तेज हवाओं के साथ आंधी चलने लगी। फिर बारिश भी शुरु हो गई। उस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर धामी हवाई मार्ग से देहरादून जा रहे थे। आंधी और तेज बारिश के कारण उनके हेलीकॉप्टर को पंतनगर में इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। आपात लैंडिंग की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में जिले के आला अधिकारी पंतनगर पहुंचे। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री पंतनगर एनेक्सी में रुके हुए हैं। उनके साथ उनकी पत्नी गीता धामी भी मौजूद हैं।

## आईएएस पूजा सिंघल पति के साथ पहुंची ईडी ऑफिस, पूछताछ शुरू

बीएनएम@रांची।

रांची। आईएएस पूजा सिंघल मंगलवार को पति अभिषेक झा के साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ऑफिस पहुंची। वे पूर्वाह्न 11:00 बजे ईडी ऑफिस पहुंचीं। उनसे पहले उनके सीए सुमन कुमार भी ईडी ऑफिस पहुंचे। ईडी की टीम उनसे पूछताछ कर रही है। ईडी ऑफिस के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बताया गया है कि खूंटी में हुए मनरेगा घोटाले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पूजा सिंघल से उनके खाते में आय से अधिक 1.43 करोड़ रुपये कहां से आए, इसकी पूछताछ करेगी। उनके निजी खाते से 16.57 लाख रुपये सुमन सिंह के खाते में क्यों ट्रांसफर किए गए, इसकी पूछताछ भी होगी। दूसरी ओर, उद्योग एवं खान विभाग की सचिव आईएएस पूजा सिंघल 31 मई तक छुट्टी पर चली गई हैं। उन्होंने मुख्य सचिव को इसकी जानकारी देते हुए कार्मिक विभाग को सूचित किया है।

## सीएम बोले- राजकीय सम्मान के साथ होगा शिवकुमार शर्मा का अंतिम संस्कार

बीएनएम@मुंबई

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने संगीतकार पद्म विभूषण पंडित शिवकुमार शर्मा के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने संतूर वादक शर्मा के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है। पंडित शिवकुमार शर्मा का मंगलवार की सुबह में कार्डियक अरेस्ट के कारण मुंबई में निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। वह पिछले छह महीने से बिमार थे। वे मुंबई में राजीव आप्स, जिग जैग रोड, पाली हिल, बांद्रा में रहते थे। बॉलीवुड में "शिव-हरी" नाम से मशहूर शिव कुमार शर्मा और हरि प्रसाद चौरसिया की जोड़ी ने कई सुपरहिट गानों में संगीत दिया था। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि भारतीय संगीत के एक सम्मानित युग का अंत हुआ है। पंडित शर्मा और संतूर वाद्य का अटूट संबंध रहा है। संतूर को उनके नाम से जाना जाता था। पंडित शर्मा के संतूर वादन और उनकी अलौकिक आवाज ने न केवल भारतीयों बल्कि दुनिया को मंत्रमुग्ध कर दिया। जम्मू-कश्मीर को धरती का स्वर्ग लोक कहा जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संगीत क्षेत्र में पंडित शर्मा के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। शर्मा भारतीय संगीत के अग्रदूतों में से एक थे। उनके निधन से भारतीय संगीत पर गहरा असर पड़ा है। पद्म विभूषण पंडित शिवकुमार शर्मा जी को भावभीनी श्रद्धांजलि।

## अमित शाह ने असम पुलिस को प्रदान किया राष्ट्रपति निशान

बीएनएम@गुवाहाटी

गुवाहाटी। दो दिवसीय दौरे पर असम पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दूसरे दिन मंगलवार को असम पुलिस के राजधानी के नेहरु स्टेडियम में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लिया। शाह ने असम पुलिस की विशेष परेड का निरीक्षण करने के पश्चात परेड की सलामी ली। उन्होंने दो पत्रिकाओं का लोकार्पण किया। दोनों पत्रिकाओं में असम पुलिस के वीर जवानों के कार्यों को समाहित किया गया है। राष्ट्रपति की ओर से अमित शाह ने राष्ट्रपति निशान प्रार्थ प्रतिम दुअरा को प्रदान किया गया। यह सम्मान पुलिस की विशेष सेवा के लिए राष्ट्रपति द्वारा दिया जाता है। असम देश में यह सम्मान पाने वाला 10वां राज्य बन गया है। देश की आजादी के बाद पहली बार यह सम्मान उत्तर प्रदेश पुलिस को दिया गया था। यह सम्मान राज्य के तीन सत्राधिकारों की मौजूदगी में प्रदान किया गया।




## बग्गा की गिरफ्तारी पर पांच जुलाई तक रोक



बीएनएम@चंडीगढ़

चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने दिल्ली भाजपा के नेता तेजिंदर पाल सिंह बग्गा को राहत प्रदान करते हुए पांच जुलाई तक गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। हाई कोर्ट ने पंजाब पुलिस को निर्देश दिए थे कि वह बग्गा के खिलाफ 10 मई तक दंडात्मक कार्रवाई न करे। पंजाब में सत्ता परिवर्तन के बाद दिल्ली के भाजपा नेता तेजिंदर पाल बग्गा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सोशल मीडिया पर टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी के बाद उनके खिलाफ मोहाली में मामला दर्ज किया गया था। छह मई को उस समय हंगामा हुआ जब पंजाब पुलिस बग्गा को गिरफ्तार करने के लिए दिल्ली पहुंच गई और हिरासत में ले लिया। दिल्ली पुलिस द्वारा पंजाब पुलिस के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया गया। पंजाब पुलिस जब बग्गा को लेकर चंडीगढ़ आ रही थी तो रास्ते में कुरुक्षेत्र पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इसे लेकर कई घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला और दिल्ली पुलिस ने तेजिंदर पाल को पंजाब पुलिस के कब्जे से छुड़वा लिया। सात मई को मोहाली की अदालत ने बग्गा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। मोहाली की अदालत ने 23 मई तक बग्गा को अदालत में पेश करने के निर्देश जारी किए।

**मोहाली की पुलिस इस कार्रवाई के कुछ घंटे बाद पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने मंगलवार तक तेजिंदर पाल की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। मंगलवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने बग्गा को 5 जुलाई तक राहत दे दी है।**

बग्गा के वकील ने कहा कि मामला सियासी रंजिश का है। अरविंद केजरीवाल के खिलाफ जिस वीडियो को लेकर बग्गा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, वह वीडियो तोड़ मरोड़कर पेश किया गया है। वहीं पंजाब के एडवोकेट जनरल ने इस याचिका का विरोध करते हुए इसे रद्द करने की मांग की।

# आईपीएल : कोलकाता ने मुंबई को 52 रन से हराया, जीत से केकेआर की उम्मीदें अभी जिंदा




बीएनएम@

मुंबई। डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में खेले गए आईपीएल 2022 के 56वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को 52 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। इस जीत के साथ जहां कोलकाता ने क्वालीफायर में पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा रखा है, वहीं मुंबई के हिस्से में नौवीं हार आई है। इस रोमांचक मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 165 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 17.3 ओवर में 113 रन पर ही सिमट गई। कोलकाता के दिए 166 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई के बल्लेबाजों ने एक बार फिर से निराश किया। कप्तान रोहित शर्मा मात्र 2 रन बना कर आउट हुए। फिर तिलक वर्मा भी 6 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। एक छोर से विकेट गिरते रहे तो दूसरे छोर पर ईशान किशन जमे रहे। रमनदीप सिंह, टिम डेविड और डेनियल सैम्स भी सस्ते में आउट हुए। इस बीच ईशान ने अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन फिफ्टी के बाद वो भी ज्यादा देर नहीं टिक सके। किशन को 51 के निजी स्कोर पर पैट कमिंस ने चलता किया। इसके बाद कमिंस ने मुरुगन अश्विन को भी सस्ते में आउट किया। फिर मुंबई के नीचे क्रम के बल्लेबाज भी कुछ खास नहीं कर सके और पूरी टीम 17.3 ओवर में 113 रन पर सिमट गई। कोलकाता की तरफ से पैट कमिंस ने तीन विकेट लिए, जबकि रसल को दो विकेट, टिम साउदी और वरुण चक्रवर्ती के खाते में एक-एक विकेट रहा। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर की शुरुआत शानदार रही। कोलकाता की सलामी जोड़ी वेंकटेश अय्यर और अजिंक्य रहाणे ने अच्छी शुरुआत करते हुए तेजी से रन बनाए। टीम को पहला झटका छठे ओवर में लगा, लेकिन तब तक टीम का स्कोर 60 रन हो चुका था। वेंकटेश 43 रन बनाकर कुमार कार्तिकेय की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद नीतीश राणा ने भी अच्छे हाथ दिखाए और रहाणे के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाने लगे। तभी रहाणे 25 रन पर कार्तिकेय का दूसरा शिकार बने। जबकि कप्तान श्रेयश अय्यर कुछ कमाल नहीं कर सके और 6 रन पर आउट हो गए। आंद्रे रसल भी 9 रन के निजी स्कोर पर जल्दी आउट हो गए। रसल के तुरंत बाद ही नीतीश राणा (43) भी चलते बने। आखिर में रिंकू सिंह ने 23 रन की अहम पारी खेली। मुंबई की तरफ से बुमराह ने 10 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि कार्तिकेय को दो, डेनियल सैम्स व मुरुगन अश्विन को एक-एक विकेट मिला।

## NEWS IN BRIEF

### न्यूज़ीलैंड पुरुष क्रिकेट टीम के कोचिंग स्टॉफ में शामिल हुए ल्यूक राइट

क्राइस्टचर्च। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड के अपने आगामी सीमित ओवरों के दौरे के लिए इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर ल्यूक राइट को अपने कोचिंग स्टॉफ में शामिल किया है। राइट, डायोन इब्राहिम, डीन ब्राउनली और ग्रीम एल्ड्रिज मुख्य गेंदबाजी कोच शेन जुर्गेंसन व बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची के साथ कोचिंग स्टॉफ का हिस्सा होंगे। न्यूज़ीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, " ल्यूक के पास यूके की स्थितियों और टी 20 क्रिकेट का व्यापक अनुभव है, वहीं, डायोन घरेलू परिदृश्य पर एक होनहार नए मुख्य कोच हैं। मुझे यकीन है कि उन्हें ब्लैककैप के साथ दौरे से काफी फायदा होगा।" आयरलैंड के खिलाफ 10 जुलाई से शुरु हो रहे एकदिवसीय श्रृंखला से पहले न्यूज़ीलैंड की टीम तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में 2 जून, 2022 को लॉर्ड्स में इंग्लैंड का सामना करेगी।

### सीएएफ चैंपियंस लीग 2022 के फाइनल की मेजबानी करेगा मोरक्को

गीज़ा। सीएएफ चैंपियंस लीग 2022 के फाइनल की मेज़बानी मोरक्को को दी गई है। अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) ने उक्त जानकारी दी। फाइनल मुकाबला 30 मई को खेला जाएगा। सीएएफ चैंपियंस लीग 2022 के फाइनल की मेजबानी करने के लिए सेनेगल फुटबॉल फेडरेशन और रॉयल मोरक्कन फुटबॉल फेडरेशन ने बोली लगाई थी। इसके साथ ही, महाद्वीप की प्रमुख क्लब प्रतियोगिता का फाइनल 30 मई, 2022 को उत्तरी अफ्रीकी देश मोरक्को के स्टेड मोहम्मद वी, कैसाब्लांका स्टेडियम में खेला जाएगा।

## इंग्लैंड दौरे पर जाने से कुछ समय पहले चोटिल हुए हेनरी निकोल्स

बीएनएम@माउंट माउंगानुई

माउंट माउंगानुई। न्यूज़ीलैंड के बल्लेबाज हेनरी निकोल्स टीम के इंग्लैंड दौरे पर जाने से कुछ समय पहले चोटिल हो गए। सप्ताहांत में उड़ान भरने से पहले माउंट माउंगानुई में चल रहे अभ्यास के दौरान चोट लगने के बाद निकोल्स के दाहिने कॉल्फ का स्कैन किया जाएगा। अगले एक-दो दिनों में उनकी उपलब्धता पर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार न्यूज़ीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा,"उनका आज एमआरआई स्कैन किया जाएगा, जिसके बाद उनके चोट पर स्थिति और साफ होगी। मुझे लगता है कि अगले 24 से 48 घंटे में हमें इस बात का पता चलेगा कि उनकी चोट कितनी गंभीर है।" न्यूज़ीलैंड और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला का पहला मैच 2 जून से लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

## नीदरलैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रयान कैंपबेल को अस्पताल से मिली छुट्टी

बीएनएम@लंदन

लंदन। नीदरलैंड पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रयान कैंपबेल को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और आने वाले हफ्तों में उनके डच टीम में फिर से शामिल होने की उमीद है। 50 वर्षीय कैंपबेल को पिछले महीने दिल का दौरा पड़ा था। वह सप्ताहांत में अपने बच्चों के साथ एक खेल के मैदान में थे तभी उन्हें सीने में दर्द महसूस हुआ और सांस लेने में कठिनाई हुई, जिसके बाद वह मैदान पर ही गिर पड़े थे। कैंपबेल ने आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद कहा,"मैं इस अवसर पर रॉयल स्टोक अस्पताल के क्रिटिकल केयर यूनिट के अद्भुत डॉक्टरों और नर्सों को उनके अविश्वसनीय व्यावसायिकता, दयालुता और करुणा के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं चेशायर में साहसिक खेल के मैदान में माता-पिता बेसी बैसेट को भी धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने तुरंत सीपीआर प्रशासित किया। उनके साहस और त्वरित हस्तक्षेप ने काफी सरलता से मेरी जान बचाई।" उन्होंने कहा,"मेरी पत्नी लियोन्टीना हर पल मेरे साथ थी और हमारे परिवार के बाकी सदस्यों को मेरी प्रगति के बारे में सूचित करती थी। उसने अपने रास्ते में आने वाले हर चुनौती से बहादुरी से निपटा। एलटी, मैं आपको धन्यवाद देता हूं और आपको प्यार करता हूं। अंत में, मैं दुनिया भर के मेरे सभी प्रशंसकों को धन्यवाद कहना चाहता हूं।"

## बीडब्ल्यूएफ उबर कप 2022 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा भारत

बीएनएम@बैंकॉक

बैंकॉक। भारत ने बैंकॉक में यूएसए को 4-1 से हराकर चल रहे बीडब्ल्यूएफ उबर कप 2022 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ग्रुप डी मुकाबले में वर्ल्ड नंबर 7 पीवी सिंधु ने जेनी गाई को 26 मिनट तक चले मैच में 21-10, 21-11 से हराया। दूसरे मुकाबले में तनीषा क्रैस्टो और ट्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी ने 34 मिनट तक चले मुकाबले में फ्रांसेस्का कॉर्बेट और एलीसन ली को 21-19, 21-10 से हराया। तीसरे मैच में आकाश कश्यप ने एस्तेर शी को 34 मिनट तक चले मुकाबले में 18-21, 11-21 से हराया। इसके बाद, श्रुति मिश्रा और सिमरन सिंघी की जोड़ी लॉरेन लैम और कोडी टैंग ली की जोड़ी से हार गई। भारतीय जोड़ी यह मुकाबला 12-21,21-17, 21-13 से हारी। अंतिम मुकाबले में अश्मिता चालिहा ने नताली ची को 31 मिनट में 21-18, 21-13 से हराया। इससे पहले टीम इंडिया ने अपने पहले मैच में कनाडा को 4-1 से हराया था। एक के बाद एक दो जीत के साथ भारत ने क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली है।




## मुंबई पर मिली जीत से संतुष्ट नहीं हूं: श्रेयस




बीएनएम@नवी मुंबई

नवी मुंबई। मुंबई इंडियंस को 52 रन से हराने के बाद, कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि वह जीत से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं और आगामी मैचों में इस फॉर्म को बनाए रखना चाहेंगे। मैच के बाद अय्यर ने कहा, "बहुत खुश हूं क्योंकि पिछले मैच को बड़े अंतर से हारने के बाद, वापस आना अच्छा लगता है और बड़े अंतर से जीतना अच्छा है। हमने पावरप्ले में अच्छी शुरुआत की और वेंकी ने गेंदबाजों को अच्छी तरह से लक्षित किया। मुझे व्यक्तिगत रुप से लगा कि एक नए बल्लेबाज के लिए इस पिच पर शुरुआत करना आसान नहीं था। जब हम गेंदबाजी में गए, तो योजना सही क्षेत्रों में हिट करने की थी और जगह नहीं देने की थी।" उन्होंने कहा, "कोच और कभी-कभी, सीईओ भी स्पष्ट रुप से टीम चयन में शामिल होता है। प्रत्येक खिलाड़ी इसे अच्छी तरह से लेता है, और सभी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। जीत व्यापक थी, और जब मैंने खिलाड़ियों से बात की, तो वे उत्साहित थे। आज मिली जीत से मैं पूरी तरह से संतुष्ट नहीं हूं, लेकिन इसे बरकरार रखना चाहता हूं।" मैच की बात करें तो इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने वेंकटेश अय्यर (43), नीतिश राणा (43), अजिंक्या रहाणे (25) और रिंकू सिंह (नाबाद 23) की बेहतरीन पारियों की बदौलत 20 ओवर में 9 विकेट पर 165 रन का स्कोर खड़ा किया। मुंबई की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 5, कुमार कार्तिकेय ने 2 और डैनियल सैम्स व मुरुगन अश्विन ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में मुंबई की टीम 17.3 ओवरों में 113 रनों पर सिमट गई। मुंबई की तरफ से ईशान किशन ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 51 रन बनाए। केकेआर की तरफ से पैट कमिंस ने 3, आंद्रे रसल ने 2, टिम साउदी और वरुण चक्रवर्ती ने 1-1 विकेट लिया।

# BNM Fantasy



## 'गुमराह' में दिखेंगी मृणाल ठाकुर

फिल्म 'सुपर 30' और 'बाटला हाउस' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाली मृणाल ठाकुर जल्द ही अभिनेता आदित्य रॉय कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। मृणाल साल 2019 में रिलीज हुई साउथ सुपरस्टार अरुण विजय की एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'थडम' की हिन्दी रीमेक में आदित्य रॉय कपूर के साथ नजर आयेंगी और इस फिल्म का नाम होगा 'गुमराह'। इस फिल्म में आदित्य रॉय कपूर डबल रोल में नजर आएंगे। यह पहला मौका होगा जब आदित्य किसी फिल्म में डबल रोल में नजर आएंगे।मृणाल और आदित्य के अलावा अभिनेता रोहित रॉय भी फिल्म में अहम भूमिका में होंगे।

आ

## *आमिर खान के सामने बिकिनी पहनकर केके काटने पर ट्रोल हुईं आइरा खान*

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान की तरह ही उनकी बेटी आइरा खान हमेशा ही खबरों में छाई रहती है। हाल ही में आइरा ने अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया। लेकिन बर्थडे फोटोज के सामने आते ही आइरा सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल हो रही हैं। बर्थडे पर आइरा को पिता संग बिकिनी में केक काटते देख सोशल मीडिया पर फैंस भड़क गए और उन्हें ट्रोल करते दिख रहे हैं। इस मौके पर आमिर के साथ उनकी पहली पत्नी रीना भी मौजूद थीं। आइरा खान को इन्हीं तस्वीरों पर कुछ यूजर्स ने खरी-खोटी सुना दी और बेहूदा कॉमेंट किए। ट्रोल करने वालों को न ही आमिर ने जवाब दिया न ही आइरा ने। लेकिन सिंगर सोना महापात्रा ने ट्रोल्स और यूजर्स की जमकर क्लास लगाई। सिंगर सोना महापात्रा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम आकउंट पर एक पोस्ट शेयर कर ट्रोल्स को जमकर लताड़ा। सोना ने आइरा का सपोर्ट करते हुए कहा कि अब 25 साल की हो चुकी हैं और उन्हें अपनी पसंद-नापसंद के लिए अपने पापा की परमिशन की जरुरत नहीं है। सोना पोस्ट में लिखती हैं, 'डियर इंडिया, जो लोग आइरा खान को उनके बर्थडे पर पहने हुए कपड़ों को लेकर कमेंट्स कर रहे हैं या फिर इसे इस बात से जोड़कर देख रहे हैं कि आमिर ने क्या कहा, कहा भी या नहीं तो प्लीज ध्यान रखो... वह 25 साल की है, आजाद ख्यालों वाली अडल्ट महिला है। यह उसकी अपनी पसंद है, जिसके लिए उसे अपने पिता की परमिशन की जरुरत नहीं है।' इस पोस्ट पर भी लगातार यूजर्स के कमेंट्स आ रहे है।



## तेजस्वी प्रकाश ने रेड कलर की ड्रेस में दिए पोज

### *करण कुंद्रा ने किया रिएक्ट*



बिग बॉस तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा पिछले कई महीनों से एक-दूसरे को डेट रहे हैं। दोनों ने रियलिटी शो बिग बॉस-15 से बाहर आने के बाद अपना रिश्ता सार्वजनिक कर दिया था। तेजस्वी और करण को साथ में घूमते और मस्ती करते हुए देखा जाता है। अब तेजस्वी प्रकाश ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें साझा की है, जिसमें वो रेड कलर की ड्रेस में बेहद आकर्षित दिख रही हैं। बिग बॉस ने अपनी इन तस्वीरों को आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस रेड कलर की ड्रेस पोज देते हुए बेहद ग्लैमरस दिख रही हैं और एक फोटो में नारियल पानी पीती हुई भी नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर कर तेजस्वी ने लिखा, ये गर्मी का मौसम है....अपने नारियल पानी को कभी ना भूलें। वहीं, एक्ट्रेस के इस कैप्शन को देख उनके पार्टनर करण कुंद्रा ने फोटोज पर कमेंट कर फनी अंदाज में अपनी प्रतिक्रिया दी है। अभिनेता ने लिखा, मुझे इस पोस्ट के बाद नारियल पानी का ट्रक लोड चाहिए। साथ ही फैंस भी तस्वीरों पर कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। ये कोई पहला मौका नहीं है, जब तेजस्वी प्रकाश ने अपनी हॉट तस्वीर साझा की हो। वो अक्सर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी हॉट तस्वीरें शेयर कर फैंस का ध्यान आकर्षित करती रहती हैं। आपको बता दें, करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश वैसे तो पहले से ही एक-दूसरे को जानते थे, लेकिन इन दोनों के बीच की बॉन्डिंग बिग बॉस 15 में आने के बाद गहरी हुई। जहां करण कुंद्रा को बीतते समय के साथ तेजस्वी प्रकाश पसंद आई और उन्होंने उन्हें प्रपोज कर दिया। हालांकि इन दोनों के रिश्ते पर घर के अन्दर रहते हुए कई सवाल उठे और कई लोगों को यही लगा कि दोनों का रिश्ता बिग बॉस से निकलने के बाद खत्म हो जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बल्कि बिग बॉस के घर में हमेशा झगड़ने वाले तेजस्वी और करण घर से बाहर आने के बाद एक-दूसरे के ज्यादा करीब आए और दोनों का रिश्ता वक्त के साथ और मजबूत हुआ है।